शर्मा हार्डवेयर
SHARMA
HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 45 | गुवाहाटी | बुधवार, 11 सितंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

मुख्यमंत्री नीतीश की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने 46 प्रस्तावों .... पेज 2
मणिपुर के तीन जिलों में निषेधाज्ञा लागू, छात्रों का धरना-प्रदर्शन जारी पेज 3
पारदर्शी तरीके से भर्ती से गिरोह के सरगना को हो रही परेशानी : योगी आदित्यनाथ पेज 5
पेरिस पैरालिंपिक से स्वदेश लौटने पर भारतीय दल का हुआ जोरदार स्वागत पेज 7

प्रधानमंत्री ने शोध पारिस्थितिकी तंत्र की बाधाओं को दूर करने पर दिया बल

नई दिल्ली (हिंस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के शोध पारिस्थितिकी तंत्र में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया है। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर नवगठित अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) की पहली गवर्निंग बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिदृश्य तथा अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को पुन: डिजाइन करने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज एनआरएफ की शासी निकाय की पहली बैठक के साथ एक नई शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री ने बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, उन्हें प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करने और पथ-प्रदर्शक अनुसंधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनुसंधान को मौजूदा समस्याओं के नए समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समस्याएं वैश्विक प्रकृति की हो सकती हैं, लेकिन उनका समाधान भारतीय आवश्यकताओं के अनुसार स्थानीय होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने संस्थानों के उन्नयन और मानकीकरण की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने विशेषज्ञता के आधार पर डोमेन विशेषज्ञों की सूची तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने एक डैशबोर्ड विकसित करने की भी बात की, जहां देश में हो रहे शोध और विकास से जुड़ी जानकारी को आसानी से ट्रैक किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने अनुसंधान और नवाचार के लिए संसाधनों के उपयोग की वैज्ञानिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वाकांक्षी शुरुआत है, उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिक समुदाय को यह विश्वास होना चाहिए कि उनके प्रयासों के लिए

-शेष पृष्ठ दो पर

ममता का निर्देश : आरजी कर और जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल पर मंत्री न करें टिप्पणी

कोलकाता (हिंस)। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को नवान्न में कैबिनेट बैठक में सभी मंत्रियों को आरजी कर और जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल पर टिप्पणी करने से मना किया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस मामले में केवल वही बात करेंगी। तृणमूल के सूत्रों के अनुसार, पार्टी के प्रवक्ताओं को भी इस मामले पर चुप रहने का निर्देश दिया गया है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना और जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज है। जूनियर डॉक्टरों ने छह प्रमुख मांगों को लेकर स्वास्थ्य भवन के सामने धरना दिया है। उनकी मांगें पूरी न होने पर वे धरना जारी रखने की बात कह रहे हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का आदेश दिया था। इस पृष्ठभूमि में मुख्यमंत्री

-शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S.
Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

सुप्रभात

जो व्यक्ति स्पष्ट, साफ, सीधी बात करता है उसकी वाणी तीव्र एवं कठोर होती जरूर है लेकिन ऐसा व्यक्ति कभी किसी को धोखा नहीं देता...

- आचार्य चाणक्य

न्यूज गैलरी

प्रधानमंत्री आज सेमीकॉन इंडिया 2024 का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली (हिंस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सुबह करीब 10-30 बजे उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री का विजन भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन, विनिर्माण और

-शेष पृष्ठ दो पर

मणिपुर ड्रोन हमले की जांच एनआईए को सौंपेगी सरकार

इंफाल (हिंस)। मणिपुर में बीते सप्ताह हुए ड्रोन हमले की जांच का जिम्मा एनआईए को सौंपने का विचार राज्य सरकार कर रही है। आज इंफाल में संवाददाता सम्मेलन के दौरान मणिपुर के पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) आइके मुइवा ने ड्रोन हमले में विदेशी लिंक होने की पुष्टि की। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि हम घटनास्थल से बरामद ड्रोन के टुकड़ों सहित विभिन्न साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। बमों में इस्तेमाल किए गए रसायनों का विश्लेषण करने के लिए इन्हें

-शेष पृष्ठ दो पर

पंजाब के खन्ना में आआपा किसान विंग अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

चंडीगढ़ (हिंस)। पंजाब के लुधियाना जिला में खन्ना के इकोलाहा गांव में बीती रात पुरानी रंजिश के चलते आम आम आदमी पार्टी किसान विंग अध्यक्ष तरलोचन सिंह उर्फ डीसी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारोपी इसी गांव के बताए जाते हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस हत्याकांड का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें नजर आ रहा है कि स्कूटी पर तरलोचन सिंह अपने खेत से घर की तरफ

-शेष पृष्ठ दो पर

हेमंत सरकार में जल जीवन मिशन के पैसे की बर्बादी भ्रष्टाचार की अति और अन्याय की पराकाष्ठा : शिवराज

रांची (हिंस)। केंद्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजनीतिक गिद्ध वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि हम इस तरह की भाषा नहीं बोलते लेकिन सत्ताधारी दल के लोग झारखंड को चील कौवे की तरह नोंच-नोंच कर खा रहे हैं। जल जीवन मिशन के पैसे को बर्बाद कर दिया गया। यह भ्रष्टाचार की अति है और अन्याय की पराकाष्ठा है। यहां सत्ताधारी दल के लोगों के पास से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं। वह मंगलवार को रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। शिवराज ने कहा कि झारखंड में कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी है कि कोई सुरक्षित नहीं है। रेत, बालू से लेकर खनिज तक में भ्रष्टाचार है। जल जीवन मिशन का पैसा पूरा बर्बाद कर दिया। प्रधानमंत्री

-शेष पृष्ठ दो पर

सिखों पर राहुल गांधी के बयान पर भाजपा का हमला

कहा, खतरनाक नैरेटिव सेट करने की है कोशिश

नई दिल्ली (हिंस)। कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी के सिखों से जुड़े बयान पर भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) ने तीखा हमला किया है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी धरती पर देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। वे खतरनाक नैरेटिव सेट करने की कोशिश कर रहे हैं। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि जब राहुल गांधी विपक्ष के नेता नहीं थे, तब वह कभी भी अपने शब्दों को लेकर मजबूत नहीं थे। वह ज्ञान की कमी के कारण ऐसा बोलते हैं। कुछ संवेदनशील मुद्दे हैं, जिनमें हमारी राष्ट्रीय पहचान, एकता और ताकत शामिल है। हरदीप पुरी ने कहा कि विविधता में एकता जैसे विषयों पर जब वह बोलते हैं तो ऐसा लगता है कि वह उन चीजों पर एक नया, बल्कि खतरनाक नैरेटिव सेट करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका(राहुल गांधी) कहना है कि देश में सिखों को *पगड़ी* और *कड़ा* पहनने में परेशानी हो रही है। लेकिन सभी सिखों को सिख होने पर बेहद गर्व है। किसी को भी अपने धर्म के अनुसार रहने और पगड़ी पहनने में कोई दिक्कत नहीं है। आज सिख 1947 के बाद इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर

-शेष पृष्ठ दो पर

भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में पंचायती राज संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं : ललन सिंह

पटना (हिंस)। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने पटना में मंगलवार को पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में पंचायती राज संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है और इसमें पंचायती राज संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। ललन सिंह ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में पीआरआई बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत के एक गांव को गोबर गैस परियोजना के लिए चुनना चाहिए। गुजरात के सहकारी समिति से प्रेरित ललन सिंह ने अपने गांव में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गोबर गैस परियोजना शुरू करने की घोषणा की। ललन सिंह ने कहा कि गोबर गैस प्लांट से ऊर्जा के साथ ही रसोई गैस भी मिल जाएगी। इससे वर्मी कम्पोस्ट भी बन जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में 2006 में पंचायत और 2007 में नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। आज महिलाएं सशक्त हैं। ललन सिंह ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि गांवों की स्वच्छता के लिए दो दो प्लास्टिक का डब्बा रख दें। इससे सफाई भी होगी और कचरा से खाद भी बनेगा। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले बिहार का बजट 25 हजार करोड़ होता था। आज 02 लाख 62 हजार करोड़ से अधिक

-शेष पृष्ठ दो पर

वैश्विक बाजार में उत्तर प्रदेश की बढ़ती धाक का माध्यम बनेगा *प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया 2024*

ग्रेटर नोएडा (हिंस)। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार वैश्विक बाजार में अपनी बढ़ती धाक को और प्रशस्त करने के लिए सेमीकॉन इंडिया 2024, इलेक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 के साथ ही प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 का भी आयोजन करने जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट व प्रोडक्शन के इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के तौर पर ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 11 से 13 सितंबर के बीच यह आयोजन होगा। कुल 35हजार स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न पवेलियंस के माध्यम से यह आयोजन अद्भुत छटा बिखेरेगा जिसमें दुनियाभर के 589 एग्जिबिटर्स हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन में भी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते महत्व पर योगी सरकार का विशेष फोकस होगा और योगी सरकार प्रदेश के निवेश परक माहौल, गुड गवर्नेंस के साथ ही सेक्टर फेवरेबल पॉलिसीज के प्रमोशन को सबसे ज्यादा महत्व दे रही है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश मोबाइल

-शेष पृष्ठ दो पर

वक्फ मामले पर भड़काऊ बयान देने पर जाकिर नाइक को किरेन रिजिजू ने दिया करारा जवाब

नई दिल्ली (हिंस)। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भगोड़े जाकिर नाइक को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि वह देश के निर्दोष मुसलमानों को गुमराह न करें। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने मंगलवार को सोशल मीडिया में अपनी पोस्ट में भगोड़े जाकिर को करारा जवाब देते हुए कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोगों को अपनी राय रखने का अधिकार है। लेकिन झूठे प्रचार से गलत धारणाएं पैदा होंगी। केंद्रीय मंत्री ने यह बयान जाकिर नाइक की उस अपील पर दिया है, जिसमें भगोड़ा इस्लामिक स्कालर जाकिर नाइक रविवार को सोशल मीडिया में जारी अपने एक वीडियो संदेश में देश के मुसलमानों को एकजुट होकर वक्फ बिल

-शेष पृष्ठ दो पर

भारतीय प्रशासनिक सेवा व न्यायिक सेवा की तर्ज पर गठित हो इंडियन टीचिंग सर्विसेज : अनुपम

लखनऊ (हिंस)। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर भारतीय न्यायिक व प्रशासनिक सेवा की तर्ज़ पर भारतीय शिक्षण सेवा अर्थात आई.टी.एस के गठन की मांग की है। प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र में अनुपम मिश्रा ने एक नवीन व अति महत्वपूर्ण विषय को उठाया है। कमाल की बात यह है कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर आज तक किसी का ध्यान ही नहीं गया या जानबूझकर इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने अपने पत्र में प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि जिस प्रकार भारतीय प्रशासनिक सेवाओं, भारतीय न्यायिक सेवाओं, भारतीय पुलिस सेवाओं व भारतीय विदेश सेवाओं इत्यादि के लिए न्यायिक अधिकारियों तथा लोक सेवकों का चयन किया जाता है उसी तर्ज़ पर शिक्षकों का चयन हो। अपने पत्र में रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने लिखा कि जैसा कि सर्वविदित भी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूरदर्शी, नवाचार व राष्ट्र हित से सम्बंधित कठोर से कठोर प्रशासनिक निर्णय लेने हेतु न केवल तत्पर रहते हैं बल्कि ऐसे निर्णयों को धरातल पर क्रियान्वित किए जाने तक उस पर कड़ी नजर बनाए रखते हैं। उनकी इसी अद्भुत नेतृत्व क्षमता व दूरदर्शिता से प्रभावित होकर उनका ध्यान राष्ट्रहित व राष्ट्र निर्माण से सम्बंधित एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करा रहे हैं। साथ ही यह विश्वास भी करते हैं कि वह इसे अवश्य क्रियान्वित करेंगे। उन्होंने लिखा है कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य तभी उज्जवल व सशक्त हो सकता है जबकि वहां की आने वाली पीढ़ी ना केवल सुशिक्षित हो बल्कि योग्य एवं तर्कशील हो और ऐसी क्षमताओं से युक्त नई पीढ़ी का निर्माण शिक्षक करते हैं। अर्थशास्त्र के रचयिता आचार्य विष्णु गुप्त जिन्हें सभी चाणक्य अथवा कौटिल्य के नाम से भी जानते हैं उन्होंने कहा था कि सृजन व विध्वंस शिक्षक की गोद में पलते हैं और उनके इस कथन से आज भी आधुनिक समाज का कोई भी विद्वान व्यक्ति असहमति नहीं रखता है। अत: देश में शिक्षकों के चयन हेतु एक नवीन संघ शिक्षण आयोग (यूनियन एजुकेशन कमीशन) की स्थापना कर देश में आईटीएस अर्थात इंडियन टीचिंग सर्विसेस की स्थापना कर शिक्षकों का चयन उसी प्रक्रिया के तहत किया जाए जैसे कि भारतीय न्यायिक सेवा से न्यायाधीशों को, भारतीय प्रशासनिक

-शेष पृष्ठ दो पर

ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाला : अभिनेत्री सूमी व तार्किक बने चुनौती, नेपाल जाने की तैयारी में असम पुलिस

गुवाहाटी (हिंस)। ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में आरोपित अभिनेत्री सूमी बोरा और अपने पति तार्किक बोरा का पता लगाने में असम पुलिस ने अपनी पूरी शक्ति झोंक दी है, बावजूद दोनों का अभी तक कुछ भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस सूमी और तार्किक का पता लगाने के लिए असम और मेघालय में अभियान चला रही है। दूसरी ओर दोनों के नेपाल में छिपे होने की आशंका के मद्देनजर असम पुलिस की एक टीम नेपाल जाने के लिए तैयार है। डिब्रूगढ़ पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज कर इस लूट कांड के एक अभियुक्त विशाल फूकन को एक सप्ताह पहले गिरफ्तार किया था। विशाल से पूछताछ के बाद इस मामले में नए-नए तथ्य सामने आने लगे। जांच में पता चला कि विशाल के साथ ही इस ठगी के मुख्य आरोपियों में सूमी बोरा और तार्किक बोरा भी शामिल हैं। हालांकि विशाल को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में डिब्रूगढ़ पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच में जुटी है। असम पुलिस के मुताबिक ठगी के मामले में विशाल फूकन की गिरफ्तारी के बाद इसमें शामिल अन्य कई लोगों के नाम सामने आए हैं। पुलिस ने सूमी बोरा और तार्किक बोरा के विरुद्ध लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ठगी के इस खेल में डॉक्टर, यूट्यूबर और कलाकारों का नाम भी शामिल है। हालांकि, पुलिस ने जांच के चलते उनके नामों को उजागर नहीं किया है। डिब्रूगढ़ के पुलिस अधीक्षक वीवी राकेश रेड्डी के अनुसार लुक आउट सर्कुलर सात से आठ लोगों के विरुद्ध जारी किया गया है। सूमी बोरा, तार्किक बोरा और राजीव बोरा के विरुद्ध जो प्रमाण मिले हैं उसके बाद ही नोटिस जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार इस मामले में किसी को भी मोस्ट वांटेड घोषित नहीं

-शेष पृष्ठ दो पर

अब राजमार्ग पर 20 किलोमीटर तक आवाजाही के लिए नहीं देना शुल्क

नई दिल्ली (हिंस)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले वाहनों को अब 20 किलोमीटर के दायरे में आवाजाही के लिए कोई टोल शुल्क नहीं देना होगा। अगर यात्रा की दूरी 20 किलोमीटर से अधिक है, तभी यात्रा के दौरान तय की गई दूरी के लिए शुल्क लिया जाएगा। इसे लेकर सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को अधिसूचना जारी की। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम, 2008 में हाल ही में कुछ महत्वपूर्ण

-शेष पृष्ठ दो पर

एलन मस्क ने रचा इतिहास

पहली बार निजी क्रू को अंतरिक्ष में भेजा

वाशिंगटन। अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने पोलारिस डॉन मिशन को लांच कर दिया है। हालांकि मौसम की वजह से लांचिंग में लगभग दो घंटे की देरी हुई। यह मिशन पांच दिनों का होगा। एक अरबपति उद्यमी समेत चार अंतरिक्ष यात्रियों ने मंगलवार को उड़ान भरी। इस मिशन का उद्देश्य नए स्पेससूट डिजाइनों का परीक्षण करना है। बता दें कि यह दुनिया का पहला निजी स्पेसवॉक होगा। सभी यात्रियों ने स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन कैप्सूल से उड़ान भरी। यह वही कैप्सूल है जिसके माध्यम से नासा सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष से वापस लाने की योजना पर काम कर रहा है। चालक दल में एक अरबपति उद्यमी, एक सेवानिवृत्त सैन्य लड़ाकू पायलट और दो स्पेसएक्स कर्मचारी शामिल हैं। कैप्सूल में अरबपति जेरेड इसाकमैन, मिशन पायलट स्कॉट पोटेट, स्पेसएक्स कर्मचारी सारा गिलिस और अन्ना मेनन ने उड़ान भरी। स्कॉट पोटेट अमेरिकी वायु सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। गिलिस और अन्ना मेनन स्पेसएक्स में वरिष्ठ इंजीनियर हैं। इसाकमैन और गिलिस अंतरिक्ष यान से बाहर निकलेंगे और स्पेसवॉक करेंगे जबकि पोटेट और मेनन केबिन में रहेंगे। चारों अंतरिक्ष यात्री वहां वैज्ञानिक

-शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

मुख्यमंत्री नीतीश की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने 46 प्रस्तावों को दी मंजूरी

पटना(हिंस)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम संपन्न राज्य मंत्रिमडल की बैठक में सीएम ग्रामीण सेतु योजना के तहत 204 किलोमीटर नई सड़क को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा दरभंगा एम्स के लिए 37.31 एकड़ जमीन केंद्र सरकार को हस्तांनतरित सहित कुल 46 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गयी। खास बात यह कि कई विभागों में बड़े पैमाने पर नई नियुक्तियां होगी। इसके लिए पद को सृजित किया गया है। बिहार विधान मंडल के सचेतक को उप मंत्री के बदले राज्य मंत्री का दर्जा दिए जाने को लेकर बिहार विधान मंडल नेता विरोधी दल, संसदीय सचिव, सचेतक और सदन नेता (वेतन भत्ता) नियमावली के संशोधन की स्वीकृति दी गई है। बिहार के 6421 नव स्थापित एवं उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कुल 6421 सहायक के पद को सृजित किया गया है। इस पर प्रति वर्ष एक अरब 27 करोड़ 13 लाख 58 हजार रुपए का व्यय होगा। यानि इन सभी विद्यालयों में एक-एक सहायक को नियुक्त करने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावे कारा निदेशालय में 10 कार्यालय परिचारियों के अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों के लिए कल 60 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। ग्रामीण कार्य विभाग में संविदा के आधार पर 231 सहायक अभियंता की नियोजन की स्वीकृति दी गई है। योजना एवं विकास विभाग में कार्य हित में 350 तकनीकी पर्यवेक्षकों की सेवा आउटसोर्सिंग के माध्यम से कनीय अभियंता के पद पर नियमित नियुक्ति होने तक प्राप्त किए जाने एवं उसे पर होने वाले अनुमानित वार्षिक व्यय 13 करोड़ 25 लाख 73 हजार की स्वीकृति दी गई है। बिहार पर्यटन ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग नीति 2024 के अनुमोदन की स्वीकृति दी गई है। पर्यटकों की सुविधा के लिए पीपीपी मोड पर पटना में तीन पांच सितारा होटल के निर्माण एवं संचालन की स्वीकृति दी गई है। ग्रामीण कार्य विभाग के तहत मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना की स्वीकृति दी गई है। कृषि उत्पादन के भंडारण, विपणन, मूल्य संवर्धन, निर्यात संवर्धन, ग्रामीण हाटों का विकास के लिए कृषि विभाग के अधीन कृषि विपणन निदेशालय के गठन की स्वीकृति दी गई है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद प्रशासन एवं स्थापना संवर्ग विनियमावली 2024 की स्वीकृति दी गई है। आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाली भूमि पर मीठापुर मेट्रो रेल स्टेशन के रैंप निर्माण के लिए 23 करोड़ 52 लाख के भुगतान पर पटना मेट्रो को उक्त जमीन हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी गई है। नीतीश कैबिनेट ने लंबे से अनाधिकृत से अनुपस्थित रहने के आरोप में सात सरकारी चिकित्सकों को बर्खास्त कर दिया है। इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिमुलतला के चिकित्सक डॉक्टर चमन लाल, सदर अस्पताल जमुई के चिकित्सक रवि कुमार चौधरी, रोहित कुमार बसाक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राणपुर के चिकित्सक रविश रंजन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमदाहा के चिकित्सक शकील जावेद, कटिहार के डॉक्टर अमित कुमार और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरा बाजार बी कोठी पूर्णिया के डॉक्टर मसीहुर रहमान शामिल हैं।

अजमेर में ट्रैक पर दो जगह ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश, मुकदमा दर्ज

अजमेर (हिंस)। राजस्थान में 17 दिन में तीसरी बार ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश हुई है। इस बार अजमेर में सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच दो स्थानों पर बदमाशों ने सीमेंट के 70 किलो वजनी ब्लॉक रख दिए। गनीमत रही कि ट्रेन इन्हें तोड़ते हुए आगे निकल गई और कोई हादसा नहीं हुआ। रेलवे और आरपीएफ के अधिकारियों ने मंगलवार सुबह घटना स्थल का मुआयना किया। आरपीएफ के असिस्टेंट कमिश्नर रामेश्वर लाल मीना ने मौके पर रखे ब्लॉक को हटाने के निर्देश किए। मामला फुलेरा से अहमदाबाद मार्ग पर रविवार रात का है। इसका खुलासा सोमवार रात्रि में हुआ। यह मालगाड़ी फुलेरा से अहमदाबाद जा रही थी। इस मामले में मांगलियावास थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि पुलिया पर रेलवे के ही ब्लॉक रखे हुए थे, जिसे बदमाशों ने उठाकर ट्रैक पर रख दिया। आरपीएफ के अफसरों ने माना कि एक से ज्यादा व्यक्तियों ने ऐसा किया होगा। सिविल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल मिलकर मामले में अनुसंधान कर रहे हैं। इससे पहले 28 अगस्त को बारां के छबड़ा में मालगाड़ी के ट्रैक पर बाइक का स्क्रैप फेंका गया। इस घटना में इंजन बाइक के कबाड़ से टकरा गया। 23 अगस्त को पाली में अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत ट्रैक पर रखे सीमेंट ब्लॉक से टकरा गई थी। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन (डीएफसीसी) कर्मचारी रवि बुंदेला और विश्वजीत दास की दर्ज करवाई रिपोर्ट के अनुसार आठ सितंबर की रात 10-36 बजे सूचना मिली कि ट्रैक पर सीमेंट का ब्लॉक रखा हुआ है। मौके पर पहुंचे तो पाया कि वह टूट कर गिरा हुआ है। एक किमी आगे एक और ब्लॉक टूट कर साइड में रखा हुआ था। ये दोनों ब्लॉक अलग-अलग जगह पर रखे हुए थे। इसके बाद डीएफसीसी और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने मिलकर सराधना से बांगड़ ग्राम स्टेशन तक पेट्रोलिंग की। इस दौरान स्थिति सामान्य पाई गई। एक किमी के दायरे में दो जगहों पर सीमेंट के ब्लॉक रखकर ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश थी। रेलवे के असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर हरि किशन मीणा के मुताबिक रविवार की रात को 10-36 बजे बांगड़ ग्राम स्टेशन अधीक्षक ने सूचना दी। इसके बाद ट्रैक जांचा गया। एक किमी के दायरे में आमने-सामने की लाइन में दो जगहों पर ब्लॉक पाए गए, जो इंजन के टकराने से टूट गए थे। सराधना से बांगड़ ग्राम तक स्टाफ ने पेट्रोलिंग की। ब्लॉक टकराने के अलावा सब कुछ सामान्य था। मामले में मांगलियावास थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इस मामले में अजमेर के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के जनसम्पर्क निरीक्षक से जानकारी चाही गई तो ज्ञात हुआ कि उनका इस मामले में सीधा कोई सरोकार नहीं है। प्रकरण डीएफसीसी से जुड़ा हुआ है।

APOLLO HOSPITALS CHENNAI

ORTHOPAEDIC SURGEON

DR. SENTHIL KUMAR DURAI, MS(Ortho),Fellow in Trauma & Reconstructive Surg(South Korea)
Will be available only for consultation at **Guwahati**

ON 22nd September'2024

Specialized in Computer Assisted Orthopaedic Surgery,Hip & Knee replacement, Arthroscopic Surgery,Modern Fracture treatment,Spine Surgeries, Back Pain related problems can register their names at:

APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph : 8404037649, 03613102669, 0361-3102166

राज्यपाल ने ममता बनर्जी से मांगी कैबिनेट के सभी फैसलों की जानकारी

कोलकाता (हिंस)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से संविधान के अनुच्छेद 167 (सी) के तहत राज्य कैबिनेट के सभी फैसलों की जानकारी राजभवन को भेजने का अनुरोध किया है। यह अनुरोध हाल ही में कोलकाता के राज्य संचालित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म एवं हत्या की घटना के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजभवन की ओर से मंगलवार को जारी बयान के अनुसार अनुच्छेद 167 के प्रावधानों के तहत मुख्यमंत्री का कर्तव्य है कि वे राज्य के मामलों के प्रशासन और विधायिका के प्रस्तावों से संबंधित मंत्रिपरिषद के सभी फैसलों की जानकारी राज्यपाल को दें। राजभवन ने यह भी याद दिलाया है कि मुख्यमंत्री का यह कर्तव्य है कि वे राज्य कैबिनेट द्वारा विचार किए गए विषयों की जानकारी राज्यपाल को दें। राज्यपाल ने अपने बयान में यह भी दावा किया कि राज्य प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को *मानक से भटकने की एक के बाद एक घटनाओं* के कारण आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है।

No.FA/TR/Tender/2024-25/906 *Date 29/082024*

NOTICE INVITING TENDER

Sealed Tenders are invited affixing a non-refundable Court Fee Stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight and paisa Twenty Five) only are invited from the interested Contractors/Supplier/Dealer/Firm along with self-attested copy of up to date Firm Registration/Trade license, GST Registration, Income Tax Return (last 3 years), Annual Turnover (last 3 years), Bank Solvency along with the Tender which will be received by the undersigned through email/speed post/courier/registered post/ tender box till **13.09.2024** up to **2 PM (I.S.T.) and will be opened on 13.09.2024 at 2:30 P.M. (I.S.T.)** in the O/o the Field Director, Manas Tiger Reserve, Barpeta Road for the following items as stated below:

Sl. No.	Particulars	Specification	Rate (in Rs.)
1	Procurement of Solar Battery for APC	Compatible devices : Solar Battery Battery capacity: 60 AH. Battery voltage: 12 Volts. Warranty: Minimum 3 years replacement warranty	Unit rate to be quoted including GST & Transportation charges mentioning brand. Rate may also be quoted for buy back of old batteries.

In the event of any unusual occurrence due to strike, bandh, holiday etc. the same will be received and opened on the next working day at same place and same time.

Terms & conditions:-

1. The Bidder should quote rate mentioning the brand name and warranty period.
2. The rates offered by the bidder against the items should inclusive of GST & Freight charges. No subsequent offer to increase or decrease the amount of original quoted rate shall be considered under any circumstances.
3. The delivery period should not exceed **15 (fifteen) days** from the date of issue of supply order otherwise 2 % late delivery charge will be imposed.
4. No transportation, insurance and other charge will be paid from the Field Director, Manas Tiger Reserve and taxes, if any will be deducted at source as per rule.
5. If the successful bidder fails to supply the items assigned to him/her in time as per schedule satisfactorily, then all the claims for any payment shall be forfeited to the Government and then contract will be cancelled without notice and the bidder shall be liable for payment of any loss to the Government.
6. The successful bidder shall provide Performance Security @ 3% of the total value in due course.
7. The Field Director, Manas Tiger Reserve reserves the right to accept or reject the tender in whole or in part without assigning any reason thereof and not bound to accept lowest bid offered by the bidder.

The payment will be made only after **completion of the Supply Order and subject to availability of fund.**

Sd/-
Field Director,
Manas Tiger Reserve

IPR(BTC)/C/2024-25/497

অসম লোকসেৱা আয়োগ
ASSAM PUBLIC SERVICE COMMISSION
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-781022.

No. 41PSC/DR-14/1/2023-24

NOTIFICATION

In continuation to Advt. No. 17/2024, Dated Guwahati the 6th August, 2024, it is for information to all concerned that candidates possessing a recognised Degree in any discipline are allowed to apply for the post of Enforcement Inspector.

Accordingly, the last date of receiving online applications has been extended upto 20-09-2024.

All other terms and conditions of the aforementioned advertisement shall remain same.

Sd/-
Deputy Secretary,
Assam Public Service Commission
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati - 22

-- Janasanyog /D/5443/24/11-Sep-24

पृष्ठ एक का शेष

प्रधानमंत्री ने शोध पारिस्थितिकी ...

संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। अटल टिंकरिंग लैब्स के सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इन प्रयोगशालाओं की ग्रेडिंग की जा सकती है। उन्होंने पर्यावरण परिवर्तन के लिए नए समाधान, ईवी के लिए बैटरी सामग्री, प्रयोगशाला में उगाए गए हीरे आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान पर भी चर्चा की। बैठक के दौरान, शासी निकाय ने हब और स्पोक मोड में एक कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया, जिसमें उन विश्वविद्यालयों को जोड़ा जाएगा, जहां अनुसंधान प्रारंभिक अवस्था में है तथा उन्हें मेंटरशिप मोड में शीर्ष स्तरीय स्थापित संस्थानों के साथ जोड़ा जाएगा। शासी निकाय ने एएनआरएफ के रणनीतिक हस्तक्षेप के कई क्षेत्रों पर भी चर्चा की, जिसमें प्रमुख क्षेत्रों में भारत की वैश्विक स्थिति, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ अनुसंधान एवं विकास को संरेखित करना, समावेशी विकास को बढ़ावा देना, क्षमता निर्माण, वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाना। साथ ही उद्योग-संरेखित अनुवादात्मक अनुसंधान के माध्यम से शैक्षणिक अनुसंधान और औद्योगिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटना शामिल है। एएनआरएफ इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) गतिशीलता, उन्नत सामग्री, सौर सेल, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रौद्योगिकी, सतत कृषि और फोटोनिक्स जैसे चुनिंदा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में मिशन मोड में समाधान-केंद्रित अनुसंधान पर कार्यक्रम शुरू करेगा। शासी निकाय ने देखा कि ये प्रयास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारे प्रयासों को प्रभावी रूप से पूरक बनाएंगे। उद्योग जगत की सक्रिय भागीदारी के साथ अनुवाद संबंधी शोध को रेखांकित करते हुए, शासी निकाय ने ज्ञान की उन्नति के लिए मौलिक शोध को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अंत:विषय अनुसंधान का समर्थन करने के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इस बात पर भी सहमति हुई कि शोध करने में आसानी प्राप्त करने के लिए लचीले और पारदर्शी वित्त पोषण तंत्र के साथ हमारे शोधकर्ताओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। शासी निकाय ने यह भी निर्देश दिया कि एएनआरएफ की रणनीतियों को विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों के अनुरूप होना चाहिए और कार्यान्वयन में दुनिया भर की अनुसंधान और विकास एजेंसियों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं का पालन किया जाना चाहिए।

ममता का निर्देश : आरजी कर ...

ने कैबिनेट बैठक में मंत्रियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में काम पर ध्यान दें और आरजी कर कांड या आम जनता के विरोध पर कोई प्रतिक्रिया न दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूजा का समय निकट है और सभी मंत्रियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके क्षेत्रों में स्थिति सामान्य रहे। इसके अलावा, उन्होंने प्राकृतिक आपदा की चेतावनी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि इस महीने की एक तारीख को राज्य के नए मुख्य सचिव मनोज पंत ने कार्यभार संभाला है और यह उनकी नियुक्ति के बाद कैबिनेट की पहली बैठक थी।

हेमंत सरकार में जल जीवन मिशन ...

ने हर घर जल नल योजना के लिए पैसा भेजा, एक गांव में भी पैसा नहीं पहुंचा। आखिर ये पैसा कहां गया? शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पांच साल तक सरकार ने एक भी नौकरी नहीं दी और अब चुनाव के समय 10-10 किलोमीटर तक दौड़ा रहे हैं। युवाओं की जान जा रही है। डेमोग्राफी चेंज होना भयावह है। इसलिए झारखंड को बचाना भाजपा का कर्तव्य है। पांच साल में एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। दो हजार रुपए चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, अब चुनाव के समय केवल एक हजार रुपए पकड़ाकर जाल बिछा रहे हैं। हम इसे उजागर करेंगे। इस सरकार को भाजपा उखाड़ कर फेंकेगी।

कहा, खतरनाक नैरेटिव सेट ...

रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सिख समुदाय ने कभी असुरक्षा और अस्तित्व संबंधी खतरे की भावना महसूस की है, तो वह समय कांग्रेस के शासन का काल रहा है। 1984 में एक नरसंहार किया गया था सिख समुदाय के खिलाफ, जिसमें 3000 निर्दोष लोग मारे गए थे। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने राहुल को चुनौती दी कि वे यही बात भारत में बोलकर दिखाएं। अगर यही बातें वे हमारे देश में कहेंगे तो उनके खिलाफ अदालत में मामला दर्ज कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने मंगलवार को अमेरिका के वर्जीनिया में कहा कि लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी पहनने की इजाजत दी जाएगी। क्या एक सिख को भारत में कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या वह गुरुद्वारा जा सकेगा... लड़ाई इसी बात को लेकर है, और यह सिर्फ सिखों के लिए नहीं है, यह सभी धर्मों के लिए है।

वैश्विक बाजार में उत्तर प्रदेश ...

विनिर्माण उद्योग में अग्रणी है और इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग में भी विशिष्ट योगदान रखता है। ऐसे में, प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 के आयोजन के माध्यम से उत्तर प्रदेश वैश्विक बाजार में अपनी बुलंद उपस्थिति को दर्ज कराने के साथ ही निवेश व रोजगार सृजन के भी नए अवसरों को तलाशने के माध्यम के तौर पर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ का विजन प्रदेश को अगले कुछ वर्षों में वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने पर है। ऐसे में, प्रदेश में सेमीकंडक्टर सेक्टर का विस्तार हो, चिप बिल्डिंग की बड़ी कंपनियां यहां प्लांट लगाएं और इलेक्ट्रॉनिक गुड्स मैन्युफैक्चरिंग के प्रदेश भर में विभिन्न क्लस्टर्स क्रियान्वित हो सकें, इसके लिए बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है। मौजूदा आयोजन में भी इन्हीं फैक्टर्स पर योगी सरकार का सबसे ज्यादा फोकस है। उत्तर प्रदेश में नोएडा व ग्रेटर नोएडा की अगुआई में कुछ क्लस्टर्स कार्यरत हैं और इनके माध्यम से ही उत्तर प्रदेश देश के मोबाइल विनिर्माण में 55वि तथा मोबाइल घटक निर्माण में 50 प्रतिशत तक का योगदान दे रहा है। उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2020 में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति लाई गई थी जिसके जरिए प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को बढ़ावा देने, इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर्स की स्थापना व ईएमसी स्ट्रक्चर के विकास पर सब्सिडी समेत अन्य लाभ देने के प्रावधान किए गए हैं। ऐसे में, प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया के माध्यम से कार्यक्रम में हिस्सा ले रही दुनियाभर की तमाम दिग्गज कंपनियों और निवेशकों का ध्यान उत्तर प्रदेश की सशक्त स्थिति की ओर आकृष्ट कराते हुए उसे मोस्ट फेवरेबल डेस्टीनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट किया जाएगा। प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया 2024 के अंतर्गत 11 से 13 सितंबर के बीच कई प्रकार के टॉपिक्स व विषयों पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इसमें पीसीबी व ईएमएस, सर्फेस माउंट टेक्नोलॉजी (एसएमटी), केबल्स-क्वॉयल्स व हाइब्रिड, सेमीकंडक्टर, फ्यूचर प्रोडक्शन व ओवरऑल प्रोडक्शन सपोर्ट जैसे विषयों को कवर किया जाएगा। इस दौरान कंपनियों द्वारा अपने प्रोडक्ट्स की नुमाइश भी की जाएगी और दुनियाभर के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां व देशों के एक्सपर्ट्स हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में कुल विजिटर्स में से 58 प्रतिशत विदेशी होते हैं जिनमें से 54 प्रतिशत विदेशी एग्जीबिटर्स होते हैं। मुख्यमंत्री योगी के विजन अनुसार कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा उत्तर प्रदेश शासन के अधीन कार्यरत यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) प्रतिभाग कर रहे हैं। विभाग की ओर इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर व चिप निर्माण के क्षेत्र में सेक्टर फेवरिंग नीतियों का प्रमोशन किया जाएगा। साथ ही, यहां इनवेस्टर्स के साथ बैठकों का भी आयोजन किया जाएगा जिससे प्रदेश में निवेश और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त हो सकेगा।

भारत को 2047 तक विकसित ...

है। उन्होंने मुख्य सचिव से आंणद (गुजरात) के सहकारी माडल को बिहार में लागू कराने के लिए कहा। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 2005 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी सरकार ने पंचायत को मजबूत किया गया। हमारा स्मार्ट विलेज कांसेप्ट है। बिहार में गांवों का खूब विकास हुआ है। पंचायत सरकार भवन बन रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आज से शुरू हुई तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पंचायती राज संस्थाओं के क्षमता निर्माण और संवर्द्धन के माध्यम से सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा के सतत लक्ष्य को प्राप्त करने के हिस्से के रूप में किया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान स्थानीय निकायों और संस्थाओं के सशक्तिकरण पर हितधारकों के बीच काफी विचार-विमर्श और चर्चा होगी। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। केंद्रीय पंचायती राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

वक्फ मामले पर भड़काऊ बयान ...

का विरोध करने को कह रहा है। उन्होंने भगोड़े जाकिर नायक पर पलटवार करते हुए कहा कि वह भारत के मुसलमानों को गुमराह करना बंद करे। भगोड़ा जाकिर नाइक जारी एक वीडियो संदेश में भारत की वर्तमान सरकार को कमजोर बताकर भ्रमित करने वाला देश विरोधी बयान दिया है। जाकिर के इस वीडियो को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जिसमें वह मुसलमानों से इस तरह की अपील कर रहा है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा व न्यायिक...

सेवा से लोक सेवकों को,भारतीय पुलिस सेवा से पुलिस अधिकारियों को, भारतीय विदेश सेवा से राजदूतों को तथा भारतीय राजस्व सेवाओं से आयकर विभाग के आयकर आयुक्तों इत्यादि को चयनित करते हैं। उन्होंने यह भी लिखा है कि यदि एक नवीन आयोग का गठन किन्ही कारणों से सम्भव न हो तो प्रशासनिक सेवाओं के चयन की प्रक्रिया में ही शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया को जोड़ दिया जाए तथा जो वरीयता सूची में सर्वोच्च स्थान ग्रहण करें वह शिक्षण के क्षेत्र में जाएं जो कि आई.टी.एस अर्थात इंडियन टीचिगं सर्विसेज कहलायेगी। दूसरे स्थान पर आने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाएंगे, तीसरे स्थान पर आने वाले भारतीय विदेश सेवा में जाएंगे, चौथे स्थान पर आने वाले भारतीय पुलिस सेवा में जाएंगे तथा पांचवें स्थान पर आने वाले भारतीय राजस्व सेवाओं के लिए चयनित किए जाएंगे इत्यादि। इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी व रिपोर्ट विशेषज्ञों के माध्यम से तैयार कराई जा सकती है अन्यथा वह स्वयं निन्शुल्क इस पूरी प्रक्रिया की एक रिपोर्ट बनाकर सौंपने के लिये तैयार हैं। उनका कहना है कि आइ.टी.एस में चयनित शिक्षकों का वेतनमान, भत्ते व सम्मान न्यायपालिका के न्यायाधीशों के समकक्ष होंगे। यदि ऐसा होता है तो विश्व में यह अपने तरीके का एक नव प्रयोग होगा जो कि भारत के विश्व गुरु बनाने के संकल्प की राह में एक मील का पत्थर साबित होगा।

पहली बार निजी क्रू ...

परीक्षण भी करेंगे। यह जानने की कोशिश की जाएगी कि ब्रह्मांडीय विकिरण और अंतरिक्ष का मानव शरीर पर कैसा प्रभाव पड़ता है। यह क्रू ड्रैगन का अब तक का पांचवां और सबसे जोखिम भरा निजी मिशन है। प्रक्षेपण के कुछ मिनट बाद अंतरिक्ष में पहुचने के बाद यान एक अंडाकार आकार की कक्षा में स्थापित हो जाएगा। अंतरिक्ष यान पृथ्वी के 190 किमी के करीब और 1,400 किमी की दूरी से गुजरेगा। यह 1972 में अमेरिका के अपोलो मून कार्यक्रम के बाद से इंसान द्वारा तय की गई सबसे अधिक अंतरिक्ष की दूरी होगी। इस मिशन को पिछले महीने लांच करने की योजना थी। मगर हीलियम के रिसाव के कारण प्रक्षेपण को टालना पड़ा था। इस मिशन से पहले केवल उच्च प्रशिक्षित और सरकारी अंतरिक्ष यात्रियों ने ही स्पेसवॉक किया था। साल 2000 में निर्माण के बाद से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग 270 और बीजिंग के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर चीनी अंतरिक्ष यात्रियों ने 16 स्पेसवॉक किए। पोलारिस डॉन स्पेसवॉक मिशन के तीसरे दिन यान 700 किमी की ऊंचाई पर पहुंचेगा और लगभग 20 मिनट तक चलेगा। बता दें कि पहला अमेरिकी स्पेसवॉक 1965 में जेमिनी कैप्सूल में किया गया था।

अब राजमार्ग पर 20 किलोमीटर...

संशोधन किए गए हैं। इन संशोधनों का उद्देश्य टोल संग्रहण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। मंत्रालय द्वारा अधिसूचना के तहत राष्ट्रीय परमिट वाहन के अलावा किसी यांत्रिक वाहन का चालक, स्वामी या प्रभारी व्यक्ति जो राष्ट्रीय राजमार्ग, स्थायी पुल, बाइपास या सुरंग का उपयोग करता है, तब उससे ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रहण प्रणाली के तहत एक दिन में प्रत्येक दिशा में बीस किलोमीटर की यात्रा तक शून्य-उपयोगकर्ता शुल्क लिया जाएगा। यदि यात्रा की गई दूरी बीस किलोमीटर से अधिक है, तो वास्तविक यात्रा की गई दूरी के लिए शुल्क लिया जाएगा।

ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाला : अभिनेत्री सूमी...

किया गया है। इस मामले की जांच सीआईडी को सौंपी गई है। जांच के लिए दूसरे राज्यों की पुलिस के साथ भी संपर्क किया जा रहा है। रेड्डी के अनुसार बैंक से करीब 100 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है। उल्लेखनीय है कि शातिर ठग विशाल फूकन के मामले में एसआईटी ने जांच आरंभ की है। अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें विशाल फूकन और अभिजित चांडक शामिल हैं। पुलिस ने कुल 18 बैंक खातों को सीज किया है। सूमी बोरा और तार्किक बोरा के साथ संपर्क रखने के आरोप में गोलाघाट जिले की बोकाखात थाने की पुलिस ने बोकाखात के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बोकाखात के मिलनपुर के चंदननाथ और लताबारी के शोभनज्योति कुर्मी को बीती रात पुलिस ने गिरफ्तार किया। खबरों के मुताबिक, सूमी-तार्किक ने पिछले हफ्ते शोभनज्योति के घर पर शरण ली थी। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि इस मामले में चंदननाथ भी शामिल था। शोभनज्योति 2016 से तार्किक के साथ एक सहयोगी के रूप में काम कर रहा है। आज सीआईडी पूछताछ के सिलसिले में शोभनज्योति को गुवाहाटी ले आई है।

पंजाब के खन्ना में आआपा किसान ...

जा रहा है। सुआ पटरी के पास मोड़ पर हत्यारा खड़ा है। पास आते ही तरलोचन को गोली मार दी। तरलोचन जमीन पर गिर गया। उसके बाद दो गोलियां और मारी। फिर फरार हो गया। बताया गया है कि लहूलुहान तरलोचन को उनका बेटा गांव के लोगों के साथ सिविल अस्पताल लेकर पहुंचा। डाक्टरों ने तरलोचन सिंह को मृत घोषित कर दिया था। सूचना मिलते ही आधी रात को लुधियाना रेंज की डीआईजी धनप्रीत कौर पहुंची। उन्होंने एसएसपी अश्विनी गोत्याल के साथ घटनास्थल पर मामले की जांच की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तरलोचन सिंह ने पिछली बार भी गांव में सरपंच का चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। कुछ समय पहले वह आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। पार्टी की तरफ से उन्हें किसान विंग का अध्यक्ष बनाया गया था। इसके साथ ही तरलोचन सिंह गांव में सरपंच का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे।

मणिपुर ड्रोन हमले की जांच...

फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। उन्होंने मामले को बेहद गंभीर बताया। फॉरेंसिक टीमें बम विस्फोट स्थलों से एकत्र किए गए टुकड़ों सहित तमाम साक्ष्यों का विश्लेषण कर रही हैं। आईजीपी मुइवा ने कहा कि पुलिस इन हमलों से संबंधित हर पहलू के जांच कर रही है। जांच के काम में फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ ही बम से संबंधित कई विशेषज्ञ जुटे हुए हैं।

प्रधानमंत्री आज सेमीकॉन...

प्रौद्योगिकी विकास के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस विजन के अनुरूप, सेमीकॉन इंडिया 2024 का आयोजन 11 से 13 सितंबर तक शेपिंग द सेमीकंडक्टर फ्यूचर थीम के साथ किया जा रहा है। 11 से 13 सितंबर तक चलने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत की सेमीकंडक्टर संबंधी रणनीति और नीति को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य भारत को सेमीकंडक्टर के लिए वैश्विक केंद्र बनाना है। इसमें वैश्विक सेमीकंडक्टर दिग्गजों के शीर्ष नेतृत्व की भागीदारी होगी और सेमीकंडक्टर उद्योग के वैश्विक नेता, कंपनियां, विशेषज्ञ एक साथ आएंगे। सम्मेलन में 250 से अधिक प्रदर्शक और 150 वक्ता भाग लेंगे।

मणिपुर के तीन जिलों में निषेधाज्ञा लागू, छात्रों का धरना-प्रदर्शन जारी

पुलिस महानिरीक्षक अभियान आईके मुइवा ने छात्रों से संयम से काम लेने की अपील की

इंफाल (हिंस)। मणिपुर की लगातार बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर राज्य के तीन जिलों में प्रशासन ने संपूर्ण निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। विश्व प्रसिद्ध इमा मार्केट के सामने छात्रों का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। इसी बीच अपनी मांगें न मानें जाने पर छात्रों ने अपना आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। इसी बीच मणिपुर के पुलिस महानिरीक्षक अभियान आईके मुइवा ने छात्रों से संयम से काम लेने की अपील की है और एक पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के बयान को बचकाना बताया। इंफाल में छात्रों का सोमवार से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। सोमवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात के दौरान छात्रों ने अपनी मांगों की सूची सौंपी है। साथ ही छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर राज्यपाल को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। छात्र अपनी मांगे पूरी न होने तक राजभवन के सामने से किसी भी हालत में हटाने को तैयार नहीं थे। आखिरकार पुलिस बल का प्रयोग करके उन्हें हटना पड़ा। इसके बाद उत्तेजित छात्र विश्व प्रसिद्ध इमा मार्केट के सामने धरना पर बैठ गए। यहां छात्रों का धरना प्रदर्शन कल से लगातार जारी है। छात्र रातभर धरना पर बैठे रहे। छात्रों के अल्टीमेटम का समय बीत चुका है। इसी बीच छात्रों ने अपना आंदोलन और अधिक तेज करने की धमकी दी है। छात्रों के आंदोलन को देखते हुए मणिपुर के इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट तथा थौबल के जिला मजिस्ट्रेटों ने बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा का आदेश फिर से लागू कर दी है। इस निषेधाज्ञा से एक स्थान पर पांच से अधिक लोगों के जमा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके तहत आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी प्रकार की आवाजाही पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसी बीच मणिपुर के पुलिस महानिरीक्षक अभियान आईके मुइवा ने छात्रों से अपील की है कि वे संयम से काम लें। कुछ निहित स्वार्थी तत्व छात्रों के आंदोलन का लाभ उठाकर हिंसा फैलाने की चेष्टा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को राजभवन के सामने प्रदर्शन के दौरान पत्थरबाजी की गई थी। प्रदर्शनकारी कानून को अपने हाथ में न लें। आईजीपी ने एक अवकाश प्राप्त सीनियर पुलिस अधिकारी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया, जिसमें कहा गया था कि यहां कोई मणिपुर पुलिस नहीं है बल्कि मैतेई पुलिस और कुकी पुलिस राज्य में काम कर रही है। आईजीपी मुइवा ने इस बयान को बचकाना बताया। उन्होंने कहा कि मणिपुर पुलिस में मैनलैंड, कुकी, तथा मैतेई सभी लोगों की भागीदारी है। मणिपुर पुलिस किसी भी हालत में अपराध से समझौता नहीं कर सकती है। आईजीपी ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया के जरिए अफवाह फैलाने में लगे हैं, जिनसे बचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर किए जाने वाले पोस्ट पर नजर रख रही है।



IN THE COURT OF THE DISTRICT MAGISTRATE, IMPHAL EAST DISTRICT
(Ref. CRIL MISC CASE NO 5 of 2024)

ORDERS
Porompat, the 10th September, 2024

No. DM(IE)/5/4/2003(Pt-II): Whereas, this Office vide Order of even No. dated 9th September, 2024 issued curfew relaxation Order under Cril. Misc Case No. 5 of 2024 for relaxing curfew imposed under Section 163 of BNSS, 2023 in Imphal East District with the relaxation period from 5:00 AM to 10:00 PM on 10th September, 2024;

Now, due to the developing law and order situation in the district, the above-mentioned relaxation Order stands cancelled with immediate effect i.e. from **11:00 AM of 10th September, 2024**. Hence, there is **total curfew in Imphal East district with immediate effect and until further orders.**

However, movement of persons belonging to essential services such as Health, PHED, Municipal Officials/ Staffs, Power (MSPCL/ MSPDCL), petrol pumps, functioning of Courts, to and fro movement of flight passengers, and Media personnel shall be exempted from the curfew.

(Dr N Johnson Meetei)
Addl. District Magistrate, Imphal East District.

Copy to:
1. Secretary to Hon'ble Chief Minister, Manipur.
2. Staff Officer to Chief Secretary, Government of Manipur.
3. Staff Officer to DGP, Manipur.
4. Commissioner (Home), Government of Manipur.
5. Superintendent of Police, Imphal East/ Imphal West for kind enforcement and causing wide publicity of the order
6. Director, IPR, Manipur with a request for publication in local news (print & electronic) as news item.
7. Sub Divisional Magistrates concerned for information and necessary action.
8. Guard File.

सोनापुर में प्रशासन ने हटाया अवैध अतिक्रमण

गुवाहाटी (हिंस)। सोनापुर के कचुतली में कामरूप (मेट्रो) जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। उल्लेखनीय है कि सोमवार को भी सोनापुर में जिला प्रशासन द्वारा यह अभियान चलाया गया था। जिला प्रशासन ने आज फिर से अपना अभियान जारी रखा। जानकारी के अनुसार 13 सेक्टरों में करीब 100 बीघा जमीन पर अतिक्रमणकारियों के सैकड़ों मकान प्रशासन ने तोड़ दिए। प्रशासन ने आज उन स्थानों पर मजदूरों द्वारा अभियान चलाया, जहां एक्सक्वेटर प्रवेश नहीं कर सकता था। मजिस्ट्रेट और उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अवैध अधिक्रमण के विरुद्ध कामरूप (मेट्रो) जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। संदिग्ध नागरिक कचुतली, बरबिल आदि इलाकों में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के लिए कलंग नदी मार्ग का इस्तेमाल कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि करीब एक पखवाड़ा पहले डिमोरिया में भी अभियान चलाया गया था।

गोलकगंज में छठी कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म

धुबड़ी (हिंस)। धुबड़ी जिले के गोलकगंज के कोठालतली में छठी कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। निर्मल पाल नामक शख्स ने कथित तौर पर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने दुर्गा मंदिर परिसर में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। घटना गोलकगंज थाना क्षेत्र के कैमारी गांव की बतायी गई है। पुलिस ने आज बताया कि निर्मल पाल ने शनिवार की शाम दुर्गा देवी मंदिर प्रांगण स्थित प्रसाद घर में ले जाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। निर्मल ने छात्रा को धमकी भी दी कि वह अपने घर में इसके बारे में न बताए। परिजनों को घटना की जानकारी मिली। पीड़ित परिवार ने छगलिया पुलिस थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई। छागलिया पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

रंगिया : श्री श्री रामदेव जी दशमी का आयोजन 13 को

रंगिया (विभास)। हर वर्ष की तरह इसबार भी श्री शक्ति सेवा समिति, रंगिया द्वारा स्थानीय श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों के साथ श्री श्री बाबा रामदेव जी दशमी का आयोजन किया गया है। आगामी 13 सितंबर, शुक्रवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के अंतर्गत संध्या 6.30 से बाबा की पूजा प्रारम्भ, संध्या 7 बजे ज्योत प्रज्ज्वलन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। वहीं संध्या 7.30 बजे छप्पन भोग और इसके पश्चात रात्रि 9.00 बजे से स्थानीय श्री बजरंग भजन मंडली के कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन होगा। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष रामअवतार लुंडिया, सचिव प्रदीप अग्रवाल और कोषाध्यक्ष दिलीप जाजोदिया द्वारा दी गई है। इस मौके पर समिति के सदस्य संजय अग्रवाल, राजकुमार मौर, संजय मौर, अनूप जाजोदिया, प्रदीप जाजोदिया, रमेश बजाज, नरेश सरावगी द्वारा सभी भक्तों की उपस्थिति और मार्गदर्शन की कामना की गई है।

हैलाकांदी में बांग्लादेश का नागरिक और उसका शरणदाता गिरफ्तार

हैलाकांदी (हिंस)। जिले के लाला थाना अंतर्गत धानीपुर गांव से पुलिस ने एक बांग्लादेश के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह बांग्लादेश का मु. श्याम उद्दीन पिछले 12 साल से भारत में रह रहा था। इस मामले में पुलिस ने मु. श्याम उद्दीन को शरण देने के आरोप में ताजुद्दीन चौधरी को भी गिरफ्तार कर लिया है। बीती रात लाला पुलिस ने धनीपुर गांव में छापा मारकर यहां अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी व्यक्ति को गिरफ्तार करने किया है। धनीपुर गांव के ताजुद्दीन चौधरी बांग्लादेशी नागरिक को अपना बेटा बताकर पिछले 12 साल से अपने घर पर शरण दे रखा था। पुलिस ने ताजुद्दीन को भी गिरफ्तार कर लिया है। लाला पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

भारी मात्रा में गांजा सेमत तीन गिरफ्तार

गुवाहाटी (हिंस)। गुवाहाटी की गौरचुक और भरलुमुख पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चला कर भारी मात्रा में गांजा समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया कि गोरचुक पुलिस थाना और भरलुमुख पुलिस थाना की डब्ल्यूजीपीडी की संयुक्त टीम ने बीती रात मनीराम देवान ट्रेड सेंटर के पास दो वाहनों से 65 किग्रा वजन की गांजा की खेप को पकड़ा। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान संसुमा दैमारी (34), रैदाओ नार्ज़ारी (29) और जोस्पिन दैमारी (22) के रूप में की गई है। तस्करी के कार्य में व्यवहृत दो वाहन (एएस-01बीटी-0800 और एएस-12एए-0976) को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस से संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

नगांव में रुणिचा नाथ के भदव दशमी की तैयारियां जोरों पर

भजन कार्यक्रम के लिए कोटा से आएंगे कलाकार

नगांव (निसं)। श्री श्री बाबा रामदेव भक्त संगम के तत्वावधान में 13 सितंबर, शुक्रवार को एक दिवसीय रुणिचा नाथ बाब रामदेव जी के भादव दशमी महोत्सव का आयोजन यहां किया जा रहा है । शनि मंदिर रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर भवन में आयोजित उक्त कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां आरंभ हो गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षो से भादव दशमी महोत्सव का आयोजन समग्र देश के विभिन्न स्थानो की तरह नगांव में भी किया जाता है। इस वर्ष आगामी शुक्रवार शाम को रुणिचा नाथ की पूजा अर्चना के बाद दिव्य ज्योत प्रज्ज्वलित की जायेगी और बाद में भजनो का कार्यक्रम आरंभ होगा। जिसमे कोटा (राजस्थान) से आमंत्रित कलाकार राजेंद्र पारीक व रोहित पारीक भजनो की गंगा प्रवाहित करेगें। महोत्सव के आरंभ में स्थानीय भजन गायक भजन कार्यक्रम का शुभारंभ करेगें। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद धूत ने बताया कि रुणिचा नाथ का फुलो से मनमोहक श्रृंगार कर दरबार सजाया जाएगा। महोत्सव में पालना झुलाने की तथा प्रसाद के लिए भंडारा की व्यवस्था की जाएगी है। महोत्सव में तांती का वितरण भी किया जायेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजित माहेश्वरी व सचिव बिनोद कुमार गुजरानी ने आयोजन में सभी धर्म प्रेमियो की उपस्थिति की कामना की है।

डॉ. स्वर्गियारी ने पठन को बढ़ावा देने के लिए बोडोलैंड रीडिंग वीक का उद्घाटन किया

विकसित भारत समाचार

कोकराझाड़। बीटीसी लाइब्रेरी सेवा, सूचना और जनसंपर्क के कार्यकारी सदस्य डॉ. निलुट स्वर्गियारी ने आज बोडोलैंड रीडिंग वीक का उद्घाटन किया। बीटीसी लाइब्रेरी सेवा विभाग द्वारा आयोजित पठन का यह उत्सव 10-17 सितंबर, 2024 तक बीटीआर के सभी सार्वजनिक पुस्तकालयों और शैक्षणिक संस्थानों में चलेगा। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, डॉ. स्वर्गियारी ने पुस्तक पढ़ने के गहन लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पढ़ना किसी के क्षितिज का विस्तार करने, संज्ञानात्मक क्षमताओं को बढ़ाने और सहानुभूति को बढ़ावा देने का एक प्रवेश द्वार है। ऐसे युग में जहां जानकारी प्रचुर मात्रा में है, पुस्तकों के माध्यम से विविध दृष्टिकोणों के साथ आलोचनात्मक रूप से जुड़ने की क्षमता अमूल्य है। डॉ. स्वर्गियारी ने आगे कहा कि हमारे मुख्य कार्यकारी सदस्य प्रमोद बोरो के पुस्तकों के प्रति गहन प्रेम से प्रेरित होकर, यह पहल लोगों, विशेष रूप से बीटीआर के युवाओं के बीच पढ़ने के प्रति जुनून जगाने का प्रयास करती है। अपने संबोधन में, बीटीसी के संयुक्त सचिव, रैक्टिम बुरागोहेन ने उज्ज्वल भविष्य के लिए पाठ्यपुस्तकों से परे पढ़ने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बौद्धिक और व्यक्तिगत विकास में पुस्तकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पढ़ना मन के लिए वैसा ही है जैसा व्यायाम शरीर के लिए है। उन्होंने आगे टिप्पणी की कि पुस्तकों में जीवन और समुदायों को बदलने की शक्ति है, और इस सप्ताह के माध्यम से, हमारा लक्ष्य पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना है जो भविष्य की पीढ़ियों को लाभान्वित करेगी कोकराझाड़ गर्ल्स कॉलेज के प्रिंसिपल, डॉ. अदाराम बसुमतारी ने विस्तार से बताया कि किताबें पढ़ना एक सर्वांगीण और बुद्धिमान व्यक्ति बनने में कैसे योगदान देता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किताबें मूल्यवान सबक और अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं जो किसी के चरित्र और दुनिया की समझ को आकार देने में मदद करती हैं। सूचना और जनसंपर्क विभाग के परिषद प्रमुख (सीएचडी), जाहिद अहमद तपादर ने छात्रों को नियमित रूप से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अखबार, पत्रिकाएं और किताबें नियमित रूप से पढ़ना मन के बगीचे की देखभाल करने जैसा है; यह हमारे ज्ञान को समृद्ध करता है, हमारी जिज्ञासा को पोषित करता है, और सीखने के लिए आजीवन जुनून पैदा करता है। अपने विचारों को दर्ज करने के लिए एक डायरी रखें, और किताबें उपहार में देकर पढ़ने की खुशी साझा करें, क्योंकि हर पन्ना पलटना एक उज्जवल, अधिक जानकारीपूर्ण भविष्य की ओर एक कदम है, कोकराझाड़ गर्ल्स कॉलेज के लाइब्रेरियन डॉ. राजीब दास ने सलाह दी, किताबें नियमित रूप से पढ़ें, किसी भी प्रारूप में, चाहे मुद्रित हो या ऑनलाइन। महत्वपूर्ण बात यह है कि पढ़ना आपके जीवन का एक नियमित हिस्सा है। इससे पहले, लाइब्रेरी सेवा विभाग के सीएचडी संसुमवी बोरो ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और बोडोलैंड बुक रीडिंग वीक के महत्व को रेखांकित किया।

INAUGURATION CEREMONY OF
"BODOLAND R
w.e.f. 10th Sept.
Inaugur
Dr. Nilut Swar
Hon'ble EM,
I&PR, PHED, Library
Faith, BTC
Organised by : Deptt.
TC, Kokrajhar
Venue : District Library, Kokrajhar
2024
Time : 11.00 A.M.
SRI PRAMOD BORO
Chief Executive Member
Bodoland Territorial Council

बंधन बैंक ने शुरू किया वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह

कोलकाता। बंधन बैंक ने आज घोषणा की कि उसने अपने ग्राहकों के साथ-साथ गैर-ग्राहकों से भी ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीकों से माल और सेवा कर (जीएसटी) एकत्र करने की सुविधा शुरू की है। बैंक के ग्राहकों और अन्य करदाताओं के लिए जीएसटी का भुगतान करना अब और आसान हो गया है। इस प्राधिकरण के तहत, बंधन बैंक के ग्राहक और अन्य लोग बैंक के रिटेल इंटरनेट बैंकिंग और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से अपने माल और सेवा कर का भुगतान तेज़, सहज और सुविधाजनक तरीके से कर सकते हैं। वे नकद, चेक या डिमांड ड्राफ्ट का उपयोग करके बैंक की किसी भी शाखा में कर का भुगतान भी कर सकते हैं। बंधन बैंक अब 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 35 में मौजूद है, जो पूरे भारत में 6300 से अधिक बैंकिंग आउटलेट के मजबूत नेटवर्क के माध्यम से 3.44 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहा है। बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और मुख्य व्यवसाय अधिकारी, राजिंदर बब्बर ने कहा कि जीएसटी राजस्व संग्रह की शुरुआत सरकारी सेवाओं को हमारे ग्राहकों के करीब लाने के हमारे प्रयासों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जैसा कि सरकार नागरिकों के लिए व्यापार को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है, बंधन बैंक अपनी बेहतर डिजिटल और तकनीकी क्षमताओं के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। बंधन बैंक में, ग्राहक केंद्रितता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे द्वारा किए जाने वाले हर काम के केंद्र में है। हमारा मानना है कि हमारे ग्राहकों की जरूरतों को समझना और उनका अनुमान लगाना असाधारण सेवा प्रदान करने की कुंजी है।

समता भाव धारण करना ही उत्तम आर्जव धर्म आचार्य प्रमुख सागर

डिमापुर। मायाचारी से मुक्त अवस्था का नाम उत्तम आर्जव धर्म है। सरल सहज प्रवृत्ति मायाचारी से निवृत्ति करा देती है। मायाचारी करने से रूप रंग बदल जाता है। उन्होंने कहा कि मायाचारी करने वाला तिर्यच गति को प्राप्त होता है। मायाचारी बगुले के समान होता है। वह प्रशंसा करके लूटता है। उन्होंने कहां की मृदुमती मुनिराज भी मायाचारी करने से त्रिलोक मंडल में हाथी बने थे। यह उक्त बातें आचार्य श्री प्रमुख सागर महाराज ने आज पर्युषण पर्व के तीसरे दिन आर्जव धर्म की व्याख्या करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि धागे की नोंक टेढ़ी है तो वह धागा सुई कि छेड़ में नहीं जा सकता। उसी प्रकार यदि हमारे परिणामो में कुटिलता है तो हम धर्म जगत में प्रवेश नहीं कर सकते। इस से पूर्व आज प्रात: महावीर भवन में आचार्य श्री के मुखारविंद से श्रीजी की शांतिधारा, अभिषेक आदि करने का सौभाग्य शिखर चन्द -राजेश कु. बकलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात इसी परिवार को आचार्य श्री का चित्र अनावरण दीप प्रज्ज्वलन एवं पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। यह जानकारी डिमापुर जैन समाज द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

जल संसाधन विभाग के कर्मचारी की सोते समय हत्या

डिब्रूगढ़ (हिंस)। सोमवार देर रात करीब डेढ़ बजे चाबुआ के जेराई गांव निवासी माधुर्य बरुवा की घर के अंदर घुसकर चार बदमाशों ने बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने आज बताया कि बदमाशों के हमले में मारे गए माधुर्य बरुवा जल संसाधन विभाग के कर्मचारी थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर में सोते समय कुछ अज्ञात बदमाशों ने मृतक को नींद से जगाया और धारदार हथियार से उसके सिर पर वार किया। फिर मिट्टी बराकर करने वाले धुमसुर से मारकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक डिब्रूगढ़ में जल संसाधन विभाग के मांडलिक कार्यालय में कर्मचारी था। चाबुआ पुलिस रात को ही घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन मजिस्ट्रेट सुबह सात बजे पहुंचे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

विश्वनाथ के डॉ. रोजाली हजारिका को वर्ष 2024 का सर्वश्रेष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट सम्मान से सम्मानित

विश्वनाथ। विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर नॉर्थ ईस्ट एन्टीयर फिजियोथैरेपी प्रेक्टिशनर फोरम के आयोजन के तहत 8 सितंबर को गुवाहाटी में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ यह दिवस मनाया गया। पांच फिजियोथैरेपी को वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ आने वाले फिजियोथैरेपी से सम्मानित किया गया। इस गरिमामय समारोह में समग्र उत्तर पूर्वांचल से मनोनयन पत्र जमा कराएं एक सौ फिजियोथैरेपी चिकित्सक के बीच से पांच चिकित्सक को 2024 वर्ष के श्रेष्ठ नवागंतुक फिजियोथेरेपिस्ट सम्मान प्रदान किया गया। जिसमें उक्त पांच डॉक्टरों में से हेल्थ कनसार्न फिजियोथेरेपी सेंटर विश्वनाथ चारिआलि की डॉक्टर रोजाली हजारिका को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में जीएनआरसी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ रूप ज्योति दास ने डॉ. रोजाली हजारिका को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. द्विजेन तालुकदार और डॉ. डीके सिंह को भी जीवन भर सफलता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. रोजाली हजारिका को एक वर्ष में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा के माध्यम से मिले इस पुरस्कार के लिए विश्वनाथ चारिआलि के लोग उनके परिवार सहित उत्साहित हैं। इधर गणमान्य महानुभाव ने डॉ. रोजाली हजारिका को बधाई व शुभकामनाएं दी।

WORLD PHYSIOTHERAPY DAY 20
Organised by : North East Entire Physiotherapy Practitioner Forum
In Association with Phy b, Assam
y, G.S. Road
September, 2024
of Honour
by :

संपादकीय

न्याय जैसा हो न्याय

यह सुखद ही है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने 75 साल का गरिमामय सफर पूरा कर लिया है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए। लेकिन पिछले दिनों न्यायिक बिरादरी के विभिन्न आयोजनों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। लेकिन यहां विचारणीय प्रश्न यह भी कि जिला स्तर पर न्यायालयों में लंबित मामलों का ग्राफ लगातार क्यों बढ़ता जा रहा है। जिला अदालतों में साढ़े चार करोड़ मामलों का लंबित होना हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। जिसके लिये न्यायिक प्रकिया से जुड़े कामकाज की समीक्षा होनी जरूरी है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न मुख्य न्यायाधीशों ने बार-बार निचली अदालतों में न्यायाधीशों की कमी का मुद्दा भी उठाया है। जाहिरा तौर पर संसाधनों की कमी भी न्यायिक प्रक्रिया की गति को प्रभावित करती है। दरअसल, कुछ समाजशास्त्री मानते रहे हैं कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की वजह वह जटिल व्यवस्था भी है, जिसके चलते अपराधी बच निकलने का रास्ता निकाल लेते हैं। किसी भी वारदात के बाद आम विमर्श का विषय होता है कि अपराधियों में पुलिस व कानून का भय नहीं रह गया है। कुछ लोग मानते हैं कि सख्त कानून के साथ ही त्वरित न्याय भी अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना पाएगा। कोलकाता में एक मेडिकल कालेज के अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या कांड ने पूरे देश को उद्वेलित किया है। पूरे देश में अपराधियों को शीघ्र व सख्त दंड देने की मांग की जा रही है। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे। यही वजह है कि देश में शीर्ष स्तर पर भी यह धारणा बलवती हो रही है कि विभिन्न हितधारक सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं, जिससे उस धारणा को तोड़ा जा सकता है कि न्याय देने वाली प्रणाली तारीख पर तारीख की संस्कृति को बढ़ावा देती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष होने पर शीर्ष न्यायिक नेतृत्व लंबित मामलों के निपटारे के लिये नई प्रभावी रणनीति बनाएगा। निर्विवाद रूप से देश के सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर ऐसे युगांतरकारी फैसले दिये हैं, जिन्होंने न केवल संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की बल्कि महिलाओं-बच्चों व पीड़ित पक्षों को न्याय भी दिलाया है। साथ ही समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की है। यही वजह है कि व्यक्ति न्यायालय को अंतिम न्याय की किरण के रूप में देखता रहा है।

> संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए। लेकिन पिछले दिनों न्यायिक बिरादरी के विभिन्न आयोजनों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं

मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ी आर्थिक मुश्किलें

ललित गर्ग

> मुफ्त की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई वित्तीय परेशानियों से समझा जा सकता है। इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। इन जटिल होती स्थितियों को लेकर 'रेवड़ी कल्चर' पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है।

दिल्ली पंजाब व हिमाचल सरकारों के सम्मुख वित्तीय संकट के धुंधलके छाने लगे हैं। सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारों के सामने चुनाव के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए की गयी फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर की घोषणा आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन रही है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई वित्तीय परेशानियों से समझा जा सकता है। इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। इन जटिल होती स्थितियों को लेकर 'रेवड़ी कल्चर' पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जता चुके हैं। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं है। कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते एवं मुक्त की सुविधाएं देने से बाज नहीं आते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं दिया जा सका है। इसके बावजूद सत्ता पर काबिज नेता मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखे हुए हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ रही है बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा

जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली, आर्थिक असंतुलन एवं आर्थिक अनुशासनहीनता की तस्वीर ही उकेरता है। दिल्ली से लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारें हों या हिमाचल प्रदेश से लेकर अन्य राज्यों में कांग्रेस की सरकारें तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांट कर भले ही वोट बैंक को अपने पक्ष में करने का स्वार्थी खेल खेला जा रहा हो, लेकिन इससे वित्तीय बजट लडखड़ाने ने इन राज्यों के लिये गंभीर चुनौती बन रहा हैं। दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्ठा बैठ जाता है। फिर उसका आर्थिक संतुलन कभी नहीं संभल पाता। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। ये और ऐसी ही अन्य मुफ्त सुविधाओं की भरमार के कारण सरकारों के सामने अपने कर्मियों को समय पर वेतन देने के लिये वित्तीय संकट है, जबकि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई आदि समय पर चुकाने में दिक्कत हो रही है। इन जटिल होते हालातों को देखते हुए अपेक्षा है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति एवं मुफ्त की संस्कृति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। जब भी ऐसी लोक-लुभावन घोषणाएं की जाती हैं तो उन दलों को अपने घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्रोत क्या होंगे? कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा? साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। जनता को गुमराह करते हुए, उन्हें ठगते हुए देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है-अक्सर करों अथवा उपकरों के रूप में। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के समय मुफ्त रेवड़ियां देने के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि कई राज्यों ने अपनी वित्तीय स्थिति की अनदेखी करते हुए मुफ्त की सुविधाएं देने का वादा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। पंजाब में महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा हुई, जबकि वहां की महिलाएं समृद्ध है। दिल्ली में उन महिलाओं को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल 15 करोड़ रुपये तक का नुकसान होगा। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। मुफ्तखोरी की राजनीति से देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का खतरा है। और इसके साथ निष्क्रियता एवं अकर्मण्यता को बल मिलेगा। हिंदुस्तान में लोगों को बहुत कम में जीवन निर्वहन करने की आदत है ऐसे में जब मुफ्त राशन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा मिलेगा तो काम क्यों करेंगे। 'गरीब की थाली में पुलाव आ गया है, लगता है शहर में चुनाव आ गया है' भारत की राजनीति से जुड़ी विसंगतियों एवं विडम्बनाओं पर ये दो पंक्तियां सटीक टिप्पणी हैं।

दृष्टि कोण

बुरे अतीत को भूल खुशियां-सफलता चुनिए

आज कम्प्यूटर, टैबलेट एवं मोबाइल पर अधिकांश लोग काम करते हैं। आप सभी ने इन उपकरणों पर टाइपिंग का कार्य करते हुए कई बार गलत शब्द भी लिख दिए होंगे। ऐसा करने पर गलत शब्द का चयन करके उस पर डिलीट बटन दबा दिया होगा। ऐसा करने से गलत शब्द स्क्रीन से हट गए होंगे। सोचिए कितना अच्छा होता यदि जीवन में भी एक ऐसा ही डिलीट बटन होता। उस डिलीट बटन का प्रयोग आप अपने जीवन में करते और हर बुरी घटना को डिलीट कर देते। मनुष्य अपने बचपन में अक्सर ऐसा परिवेश देखता है जहां पर लोग चिंता एवं तनावग्रस्त रहते हैं। वे सुख, स्वास्थ्य एवं समृद्धि से भरपूर क्षणों को जीने के बजाय उन्हें उस चीज़ की चिंता करने में व्यय कर देते हैं जो अनिश्चित हैं। चिंता और चिता में सिर्फ एक बिंदु का अंतर है, उसी तरह वास्तविक जीवन में भी चिंता करने वाले व्यक्ति की चिता बनते देर नहीं लगती। चार्ल्स एच. मेयो का तो इस संदर्भ में यह कहना है कि, 'मुझे आज तक एक भी ऐसा व्यक्ति नहीं मिला, जो काम की अति से मरा हो, अलबत्ता कई लोग चिंता की वजह से जरूर मरे हैं।' मनुष्य के जीवन की सबसे खूबसूरत बात यह है कि वह विश्व में फैले ज्ञान को जानकर स्वयं को सुधार सकता है। इसी तरह वह अपने जीवन से चिंताओं, मुसीबतों के जाल को भी काट कर फेंक सकता है। अब आप यह सोच रहे होंगे कि आखिर चिंताओं और मुसीबतों को डिलीट करने के लिए क्या करना होगा? इसके लिए आपको कुछ खास नहीं करना है, केवल 'कोनमारी विधि' को जानना एवं समझना है। यह कोनमारी विधि आपको मैरी कोंडो की पुस्तक, 'द लाइफ-चेंजिंग मैजिक ऑफ डाइटिंग अप' में मिल जाएगी। यदि आप पुस्तक तक नहीं पहुंच सकते तो कोई बात नहीं, इस लेख के माध्यम से आप 'कोनमारी विधि' को बड़ी ही सरलता से जान जाएंगे। 'कोनमारी विधि' कहती है कि जीवन से आप हर उस चीज को निकाल दीजिए, जो व्यर्थ है, आपके काम की नहीं है या फिर सिर्फ आपको दुःख एवं तनाव देती है। अब बात आती है कि कौन सी व्यर्थ चीजों को जीवन से निकाला जाए। ये व्यर्थ चीजें निम्न प्रकार से हो सकती हैं :- आपके जीवन में घटित कोई बुरी घटना या याद, पारिवारिक झगड़े, आपके घर में अव्यवस्थित या फालतू का सामान, बेवजह के अर्थहीन संबंध अथवा किसी प्रियजन का बिछुड़ जाना। उपरोक्त पांचों बातों के बारे में आप गंभीरता से विचार करेंगे तो यह स्वयं जान जाएंगे कि वाकई प्रयोग में न आने वाली वस्तुएं, अर्थहीन संबंध, बुरी यादें, प्रियजन का असमय बिछुड़ जाना, अव्यवस्थित सामान और झगड़े न केवल हमारे मस्तिष्क को कुंठाग्रस्त कर देते हैं, अपितु हमारा सुख-चैन भी छीन लेते हैं। एक ऐसा बड़ा घर जो ढेर सारे अव्यवस्थित सामान से भरा हो, सुकून के पल नहीं दे सकता। वहीं एक छोटा, मगर अव्यवस्थित घर हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर सकता है। इसी तरह संबंधों में अक्सर लोग गड़े मुर्दे उखाड़ने से परहेज नहीं करते। वे पुरानी और बीत चुकी बातों को लेकर अपने वर्तमान के संबंधों को भी खराब कर लेते हैं। ऐसा करके वे जीवन के उन आनंददायक पलों से वंचित रह जाते हैं जो मिल-जुलकर रहने से प्राप्त होते। जीवन सदा एक समान नहीं रहता। दुख-सुख दोनों इसके पहलू हैं। विक्टोरिया होल्ट कहते हैं कि, 'कभी अफसोस न करें। यदि यह अच्छा है, तो अद्भुत है। यदि बुरा है, तो अनुभव है।' नितेश कुमार का जन्म 30 दिसम्बर, 1994 को हुआ था। वर्ष 2009 में जब वे केवल पन्द्रह साल के थे तो विशाखापत्तनम में एक रेल दुर्घटना के दौरान उनका बायां पैर कट गया। किशोरावस्था में हुए इतने बड़े हादसे ने नितेश एवं उनके परिवार को अंधकार में डाल दिया। लेकिन कुछ समय बाद अपने परिवार का साथ पाकर नितेश ने इस दुर्घटना से बाहर आने का निर्णय लिया। नितेश अपनी पढ़ाई करते रहे। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी कि आईआईटी की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। वे एक सफल इंजीनियर बन गए। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने बैडमिंटन खेलना आरंभ किया। कुछ समय बाद उन्होंने पैराएथलीट बनने का निर्णय लिया। इस तरह उन्होंने प्रतियोगिताओं में जाना आरंभ कर दिया। पेरिस पैरालंपिक 2024 में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उनका कहना है कि, 'मैंने दृढ़ संकल्प कर लिया था कि अपनी दुर्घटना को भूलकर आगे के सुंदर जीवन पर ध्यान दूंगा। मैंने बस यही किया और सफलताएं मेरे साथ जुड़ती चली गईं।' उन्होंने स्वयं को 'कोनमारी विधि' के माध्यम से ही उभारा। इसी तरह कोई भी व्यक्ति 'कोनमारी विधि' के माध्यम से अपने जीवन के बुरे अनुभवों और बुरी परिस्थितियों को डिलीट कर सकता है। आप भी आज से ही अपने जीवन में 'कोनमारी विधि' को शामिल कीजिए और खुशियों एवं सफलता को चुनिए।

कुछ अलग

दुश्वारियों का रास्ता

अमेरिका आदि देशों में सुनहरे सब्जबाग दिखा मोटी रकम वसूलकर युवाओं को जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों पर समय रहते कार्रवाई न होना हमारे शासन-प्रशासन की विफलता ही कही जाएगी। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे ऐसा करके अपनी जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। एक दशक से जारी यह गोरखधंधा वर्ष 2023 में तब उजागर हुआ था जब वर्ष 2023 में फ्रांस ने मानव तस्करी के संदेह में दुबई से निकारागुआ जा रहे तीन से अधिक यात्रियों वाले एक चॉर्टर विमान को रोककर उसमें सवार अधिकांश भारतीयों को वापस भारत लौटा दिया था। हाल ही में पंजाब में समाना के चार युवाओं की दर्दनाक कहानी उजागर हुई है, जिन्हें एजेंटों ने मोटी रकम वसूलकर जानलेवा हालातों में धकेल दिया। उनसे दो चरणों में करीब ढाई करोड़ रुपये वसूले गये और घातक परिस्थितियों में धकेल दिया गया। कई दिन जंगलों में उन्हें भूखा रहना पड़ा। फोन व जूते छीन लेने से उन्हें नंगे पैरों पैदल चलना पड़ा। पहले भारतीय एजेंट को प्रति व्यक्ति पैंतीस लाख देकर वे स्पेन पहुंचे, जहां उन्हें लावारिस छोड़ दिया गया। फिर वहां से प्रत्येक युवक ने पच्चीस लाख रुपये चुकाकर अमेरिका जाने की दुर्गम राह पकड़ी। अब इन पीड़ित युवाओं ने हर पंजाबी से अपील की है कि वे कभी भी पश्चिम जाने के लिये अवैध रास्ते को न चुनें। वे खुद को भाग्यवान मानते हैं इस खतरनाक रास्ते में लुटने-पिटने और भूखे रहने के बाद किसी तरह अमेरिका पहुंचे हैं। दरअसल, उनकी बदहाली की वजह वो भ्रष्ट व बेईमान ट्रैवल एजेंट था, जिसने उन्हें मोटी रकम लेकर अमेरिका में कार्य वीजा दिलाने का झांसा दिया था। निस्संदेह, युवाओं का धोखेबाज एजेंटों के जाल में फंसना हमारे तंत्र की विफलता ही है। यदि ऐसे एजेंट कानून व्यवस्था के शिकंजे में फंस गये होते तो युवा ठगी के शिकार न बनते। आखिर हम अपने युवाओं को देश में सम्मानजनक रोजगार क्यों नहीं दे पा रहे हैं? वहीं युवा भी धैर्य व कठिन परिश्रम के बजाय रातोंरात अमीर बनने के सपने सजोने लगते हैं। आखिर क्या वजह है कि मां-बाप जमीन बेचकर व अपने गहने-मकान गिरवी रखकर बच्चों को विदेश भेजने को आतुर हैं? यह जानते हुए कि आये दिन तमाम युवा फर्जी एजेंटों के जाल में फंसकर अपना सबकुछ गवांकर देश लौटते हैं। पिछले दिनों दलालों ने देश के युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर युद्धरत रूस की फौज में भर्ती करवा दिया। कई युवाओं के युद्ध में मरने की खबरें भी आई। आखिर सुनहरे सपनों की चकाचौंध में हमारे युवा दलालों के हाथों के खिलौने क्यों बन रहे हैं? अमेरिका जाने के सम्मोहन में अपने जीवन को इस तरह जोखिम में डालना क्या उचित है? भारत अन्य देशों के साथ मिलकर युवाओं को धोखे से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई के लिये क्या कर रहा है? निस्संदेह, विभिन्न महाद्वीपों के राष्ट्रों को शामिल किए बिना दलाली-ठगी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों का खातमा संभव नहीं है। एशिया, यूरोप व मध्य अमेरिका तक दलालों के जाल बिछे हैं।

देश दुनीया से

मानसिक सेहत के प्रति सजगता रोकेगी आत्महत्याएं

> वर्ष 2016 में भारत में प्रति एक लाख लोगों पर आत्महत्या की दर 16 .5 रही, जबकि वैश्विक औसत 10 .5 थी। यहां सवाल स्वाभाविक है कि लोगों को अपनी जान लेने की तरफ क्या चीज़ धकेलती है? क्या आत्महत्या की व्याधि एक व्यक्तिगत घटना है या हमारी सामाजिक, प्रशासनिक, आर्थिक, शैक्षणिक और धार्मिक व्यवस्था को आगे आकर इसकी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए? मानसिक रोग, ड्रग्स की लत, तलाक, असफल प्रेम संबंध, यौन हिंसा, दिवालियापन, शैक्षणिक विफलता, बेरोज़गारी और गरीबी खुदकुशी करने के मुख्य कारण हैं। इनके अलावा दक्षिण एशियाई देशों में एक और वजह है : समाज में इज्जत को ठेस। भारत में उच्च आत्महत्या दर की वजहों की, विशेषकर समाज के कुछ खास वर्गों में, जांच की जानी चाहिए।

दुनिया में कहीं और की अपेक्षा भारत में लोग अधिक आत्महत्या कर रहे हैं। वर्ष 2016 में भारत में प्रति एक लाख लोगों पर आत्महत्या की दर 16.5 रही, जबकि वैश्विक औसत 10.5 थी। यहां सवाल स्वाभाविक है कि लोगों को अपनी जान लेने की तरफ क्या चीज़ धकेलती है? क्या आत्महत्या की व्याधि एक व्यक्तिगत घटना है या हमारी सामाजिक, प्रशासनिक, आर्थिक, शैक्षणिक और धार्मिक व्यवस्था को आगे आकर इसकी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए? मानसिक रोग, ड्रग्स की लत, तलाक, असफल प्रेम संबंध, यौन हिंसा, दिवालियापन, शैक्षणिक विफलता, बेरोज़गारी और गरीबी खुदकुशी करने के मुख्य कारण हैं। इनके अलावा दक्षिण एशियाई देशों में एक और वजह है : समाज में इज्जत को ठेस। भारत में उच्च आत्महत्या दर की वजहों की, विशेषकर समाज के कुछ खास वर्गों में, जांच की जानी चाहिए। विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2024 में भारत को 143 देशों में 126वां स्थान मिला है, यह पड़ोस के पाकिस्तान और नेपाल से भी नीचे है। तो भारत में इतने सारे लोग दुखी क्यों हैं? सामान्य कारकों के अलावा, भारत में आत्महत्या के ग्राफ में एक अजीब सी समानता भी है- युवा, निम्न आय वर्ग, किसान और महिलाओं में आत्महत्या की दर ज्यादा है। 15 से 29 आयु वर्ग, जो भारत की जनसंख्या का 53.7 प्रतिशत है, उसमें मौत के कारणों में आत्महत्याओं का हिस्सा काफी अधिक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2020 रिपोर्ट बताती है, उस साल हर दिन 35 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की। इस वर्ष कोटा में अब तक 13 छात्र यह अतिशयी कदम उठा चुके हैं, जबकि पिछले साल देश के इस कोचिंग के गढ़ में 26 छात्रों ने खुदकुशी की थी। गला-काट प्रतिस्पर्धा, उच्च प्रदर्शन का दबाव और असफलता का डर जिसको कभी-कभी माता-पिता का अधीर रवैया भी हवा देता है- युवा मानस के लिए इनको संभालना बहुत मुश्किल हो सकता है। नौकरी के चाहवान बहुत हैं और नौकरियां अत्यंत कम। लगभग 10 प्रतिशत भारतीय युवा बेरोजगार, नाखुश, चिंतित हैं और उनके पास अपनी रोजमर्रा की जरूरतें तक पूरा करने के लिए संसाधन नहीं हैं। रोजगार के मामले में महिलाएं पुरुषों से काफी पीछे हैं। बहुत बड़ी संख्या में नौकरी के चाहवानों के लिए न सिर्फ नौकरियां बहुत कम हैं, बल्कि निष्पक्ष और योग्यता आधारित भर्तियों की भी कमी है, जिससे आक्रोश और अरुचि उत्पन्न होती है। राजस्थान लोक सेवा आयोग के पेपर लीक और परिणामों में हेराफेरी को लेकर चल रही कानूनी कार्रवाई के कारण पिछले चार वर्षों में कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ी हैं। अन्य राज्य भी इसी किस्म की स्थिति से त्रस्त हैं। आत्महत्या से होने वाली मौतों में दो तिहाई हिस्सा न्यूनतम आय वर्ग के लोगों का है। इसके अलावा, वर्ष 2022 में किसानों और खेतीहर मजदूरों ने 11,290 खुदकुशी की। अपने वजूद और सुख के लिए आधारभूत आवश्यकताएं रोटी, कपड़ा और मकान हैं। नीति आयोग के अनुसार, 50 प्रतिशत भारतीयों की औसत मासिक क्रय शक्ति, क्रमशः ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में, 3,094 रुपये और 4,963 रुपये है। ग्रामीण और शहरी आबादी के निचले 20 प्रतिशत में आने वाले लोगों के पास खुद के वास्ते और परिवार को जिंदा रखने के लिए दैनिक खर्च क्षमता महज 70-100 रुपये है। इतने कम पैसे में भोजन, कपड़ा और मकान का इंतजाम कर लेना बेहद मुश्किल है। आत्महत्या से होने वाली प्रत्येक मौत के बरक्स 200 से ज़्यादा लोग आत्महत्या करने की प्रवृत्ति और विचार पाले हुए हैं। चिंताजनक बात यह है कि वैश्विक औसत की तुलना में भारतीय महिलाओं की खुदकुशी दर दोगुनी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 में हर दिन औसतन 86 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। यह संख्या असल से बहुत कम हो सकती है, क्योंकि अधिकांश पीड़ित महिलाएं लोकलाज आदि के डर से मामला दर्ज करवाने नहीं जातीं। महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा शारीरिक-मानसिक शोषण और उत्पीड़न का शिकार होता है, तिस पर व्यवस्था से सुनवाई की उम्मीद बहुत कम है। खेती से मोहभंग और शहरी जीवन की चकाचौंध से ग्रस्त होकर, ग्रामीण युवा पलायन के मौके की तलाश में रहते हैं, जिससे वे भारी संख्या में बड़े शहरों का रुख करते हैं। शहरीकरण तनावों को बढ़ाता है- जीवनयापन की उच्च लागत, जिंदगी की तेज़ रफ्तार, सफलता प्राप्ति का दबाव और दुनिया में पैर जमाने का संघर्ष। परिवार और समुदाय की सुरक्षा छतरी सिर पर नहीं रहने से व्यक्ति में असुरक्षा बोध पैदा होता है। असफल होने वाले बहुत से लोग वहीं फंसकर रह जाते हैं– गांव वे लौटना नहीं चाहते, और शहर में कुछ पल्ले नहीं पड़ता। दरअसल, हमारी शिक्षा प्रणाली में कुछ गंभीर गड़बड़ी है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, केवल 51.25 प्रतिशत युवा ही रोजगार के लायक माने जाते हैं।

आप का नजरीया

ध्यान एक द्वार है, जिसके पार जीवन अपार है

क्या आप बता सकते हैं कि दुनिया में सबसे मुश्किल काम क्या है? सबसे मुश्किल काम है, कोई काम न करना। आप आजमाकर देख लें। कुछ देर बिना कुछ किए एक जगह बैठकर दिखाएं। ध्यान में यही काम किया जाता है। ध्यान में कोई काम नहीं किया जाता। मुझे पहली बार ध्यान घटित हुआ था जबकि मैं 25 वर्ष का था और भारतीय सेना में था। हमारे घर में तो ध्यान की कोई परंपरा नहीं थी क्योंकि मेरे पिता समेत मेरे पूर्वज अब तक जीवन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए ही संघर्ष कर रहे थे। ध्यान इस संघर्ष के बाद घटित होता है जब तक कि आप महर्षि रमण जैसे व्यक्ति न हों, जो मनुष्य की पराभौतिक शक्तियों को साबित करने के लिए अवतारपुरुष के रूप में आते हैं। मैं उन दिनों ओशो का मुरीद था और उनकी बताई हर बात को आंख मूंदकर स्वीकार करता था। उनकी किताबें और कैसेट्स खरीद-खरीदकर मैंने जमा किए हुए थे। उन्हीं में से एक में उन्होंने 45 मिनट का डायनैमिक मेडिटेशन बताया था। इस ध्यान में जाने के लिए एक खास किस्म का संगीत तैयार किया गया था। मैंने जब इसका अभ्यास किया, तो पाया कि बीच-बीच में मैं कुछ क्षणों के लिए निर्विचार हो जा रहा हूं। मुझे इन क्षणों का आनंद बाकी क्षणों की तुलना में कई गुना बढ़ा हुआ महसूस होता था। इन कुछ क्षणों के आनंद को पाने के लिए ही मैं 45-45 मिनट तक ध्यान में बैठने का अभ्यास करने लगा। लेकिन उन दिनों जीवन में इतनी ज्यादा आपाधापी थी कि कई बार अभ्यास छूट जाता। आपाधापी बढ़ती गई और ध्यान छूटता गया। लेकिन उन कुछ क्षणों के आनंद का स्वाद मेरे मन में बना रहा। यह जो स्वाद था मेरे मन में बसा हुआ, वह मुझे जब-तब आवाज देता था। जैसे ही मेरे गृहस्थ जीवन की आपाधापी कम हुई, ध्यान ने मुझे फिर वापस खींच लिया। और इस बार मेरा ध्यान से जुड़ना जीवन भर के लिए था क्योंकि मैंने यह जाना कि ध्यान से जुड़े रहते हुए आपको मिलने वाला जीवन ध्यानविहीन जीवन की तुलना में कितना सुख देने वाला होता है और सुख बहुआयामी होता है। यानी ध्यान से जुड़ने पर आप अपने शरीर के प्रति सजग होते हो, अपने मानस के प्रति सजग होते है और अपनी आत्मा को महसूस करने लगते हो। शरीर के प्रति सजगता आपसे शरीर की फिटनेस पर काम करवाती है, आप अपने शरीर को सुगठित और सुडौल बनाते हो। आप अपने मानस के प्रति सजग होते हो और अपने मन पर काम करते हो। आप उसे एक योगी का मन बनाते देते हो। आपके संकल्प शक्तिशाली होने लगते हैं। एक बार लेने पर वे टूटते नहीं। आपकी इच्छाशक्ति बहुत बलवान हो जाती है। आप में अकूत धैर्य और संयम आ जाता है। मन में किसी भी तरह का कोई भी भय नहीं रहता। मानस के साथ आप अपनी आत्मा के प्रति सजग होने लगते हो। जब ऐसा होने लगता है, तो आप दूसरों को भी एक आत्मा के रूप में देखना शुरू कर देते हो।

इस बार भी चली निजी स्कूलों की मनमानी, आरटीई के 2486 बच्चों को नहीं दिया प्रवेश



मुरादाबाद, (हि.स.)। बीते वर्ष की भांति इस साल भी शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) के तहत पात्र 2486 बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश नहीं मिल पाया। वर्ष 2023-24 में भी 2000 से अधिक छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित रह गए थे। वर्तमान शिक्षण सत्र के लिए चार बार लाटरी निकाली जा चुकी है, लेकिन, इन चार में आवंटित बच्चों के प्रवेश अभी तक नहीं हो पाए हैं। मामले में जिलाधिकारी ने प्रवेश न लेने वाले स्कूलों पर कार्रवाई के लिए फाइल अपने पास मंगवा ली हैं। जिले में पब्लिक स्कूलों की मनमानी के चलते लाटरी में नाम में आवंटित 5,912 में से 2,486 दाखिले नहीं हुए हैं। अभी तक 3,426 प्रवेश ही हुए हैं। आरटीई के तहत बच्चों के दाखिले के लिए परिजनों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लेकर जिलाधिकारी के कार्यालय तक की कुंडी खटखटाई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर अभिभावकों की समस्या पर बीएसए कार्यालय ने अब गंभीर रुख अपना लिया है। प्रवेश न लेने वाले स्कूलों पर कार्रवाई के लिए डीएम अनुज कुमार सिंह को फाइल भेज दी गई है। शासन स्तर से भी आरटीई में प्रवेश की सूचना मांगी है। आरटीई में प्रवेश नहीं लेने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द करने तक की संस्तुति बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने कर दी है। ऐसे स्कूल बीएसए कार्यालय की ओर से चिह्नित करके कई बार नोटिस भी दिया गया। लेकिन नोटिस को स्कूलों ने गंभीरता से नहीं लिया है। प्रथम लाटरी मार्च में निकाली गई थी और चौथी लाटरी जून में। एक दो स्कूल तो ऐसे हैं, जिन्होंने एक भी प्रवेश नहीं लिया है जबकि आरटीई के तहत 25 प्रतिशत बच्चों के प्रवेश लिए जाने का कानून बन चुका है। बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने मंगलमवार को बताया कि बार-बार नोटिस देने के बाद भी प्रवेश नहीं लेने वाले स्कूलों की मान्यता रद करने को कार्रवाई के लिए फाइल जिलाधिकारी को बढ़ा दी है। आरटीई के उल्लंघन को लेकर इन विद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी।

राहुल गांधी के बयान पर मायावती का पलटवार, कांग्रेस के नाटकबाजी से सचेत रहें लोग

लखनऊ, (हि.स.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेश में दिए गये बयान में मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना कराने वाली यह पार्टी अब इसकी आड़ में सत्ता में आने का सपना देख रही है। इनके इस नाटक से सचेत रहें जो आगे कभी भी जातीय जनगणना नहीं करा पाएगी। मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर ताबाड़तोड़ पांच पोस्ट किए। इसमें उन्होंने राहुल गांधी के उस बयान पर हमलावर हुई हैं। जो उन्होंने विदेश में दिया है। उन्होंने विदेश में यह कहा है कि भारत जब बेहत्तर स्थिति में होगा तो हम एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म कर देंगे। इस पर मायावती ने कहा कि केन्द्र में काफी लम्बे समय तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी की सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लागू नहीं किया। और ना ही देश में जातीय जनगणना कराने वाली यह पार्टी अब इसकी आड़ में सत्ता में आने के सपने देख रही है। इनके इस नाटक से सचेत रहें जो आगे कभी भी जातीय जनगणना नहीं करा पाएगी। कांग्रेस पार्टी के सर्वेसर्वा राहुल गांधी के इस नाटक से भी सर्तक रहें जिसमें उन्होंने विदेश में यह कहा है कि भारत जब बेहत्तर स्थिति में होगा तो हम एससी–एसटी और ओबीसी का आरक्षण खत्म कर देंगे। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस वर्षों से इनके आरक्षण को खत्म करने के षडयंत्र में लगी है। मायावती ने कहा कि इन वर्गों के लोग कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के दिए गए इस घातक बयान से सावधान रहें, क्योंकि यह पार्टी केन्द्र की सत्ता में आते ही, अपने इस बयान की आड़ में इनका आरक्षण जरूर खत्म कर देगी। ये लोग संविधान व आरक्षण बचाने का नाटक करने वाली इस पार्टी से जरूर सजग रहें। जबकि सच्चाई में कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण-विरोधी सोच की रही है। केन्द्र में रही इनकी सरकार में जब इनका आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया तब इस पार्टी से इनको इन्साफ ना मिलने की वजह से ही बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। लोग सावधन रहें। कुल मिलाकर, जब तक देश में जातिवाद जड़ से खत्म नहीं हो जाता है तब तक भारत की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद भी इन वर्गों की सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक हालत बेहतर होने वाली नहीं है। अतः जातिवाद के समूल नष्ट होने तक आरक्षण की सही संवैधानिक व्यवस्था जारी रहना जरूरी।

पलामू में जन शिकायत समाधान शिविर, आईजी और एसपी ने सुनीं शिकायतें

पलामू, (हि.स.)। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पलामू जिले में भी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिले के चारों पुलिस अनुमंडल स्तर पर अलग अलग क्षेत्र में पूर्वाहन 11 बजे से इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया था। सभी शिकायतें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने सुनी और निदान करने की कोशिश की। ऑफलाइन और ऑनलाइन शिकायत सुनी गई। निर्धारित समय में शिकायतों पर एक्शन की जानकारी दी जाएगी। डालटनगंज पुलिस अनुमंडल स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन मेदिनीनगर के बेलवाटिका के गुरु तेग बहादुर हाल में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू रेंज के पुलिस महानिरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह, एसपी रिष्मा रमेशन, एसडीपीओ सदर मणिभूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार, एलआरडीसी प्यारेलाल समेत पुलिस और सिविल प्रशासन के कई पदाधिकारी शामिल हुए। मौके पर आईजी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य शिकायतों का समाधान करना है। समाधान के लिए और प्रक्रिया की जानकारी के लिए थाना और सबडिवीजन कार्यालय में जाकर जानकारी ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से जनता को यह जानकारी भी देना है कि उनकी समस्या का समाधान कहां जाने पर तत्काल हो सकता है। कई लोगों को यह जानकारी नहीं रहती कि उनकी समस्या का समाधान किस स्तर पर और कहां होगा? एक हेल्प डेस्क भी बनाया गया है, जो लोग शिकायत लिखकर नहीं ला पाए हैं वह वहां अपनी शिकायत लिखवा सकते हैं। जो भी पदाधिकारी केयरलैस पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिविर में पाटन, मेदिनीनगर, शहर और सदर, चैनपुर, रामगढ़ आदि क्षेत्रों से लोगों ने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इसी तरह जन शिकायत समाधान कार्यक्रम जिले के लेस्लीगंज, छतरपुर, विश्रामपुर, और हुसैनाबाद पुलिस अनुमंडल स्तर पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्राप्त लिखित एवं मौखिक समस्याओं पर प्रखंड कार्यालय एवं थाना, ओपी के पदाधिकारियों से संपर्क स्थापित कर शिकायतों का निष्पादन किया जायेगा। लेस्लीगंज में थाना अंतर्गत धावाडीह पंचायत भवन, छतरपुर के राजकीय कृत प्लस टू हाइस्कूल छतरपुर, विश्रामपुर में जनता उच्च विद्यालय, शहर थाना क्षेत्र के मेमोरियल हॉल बेलवाटिकर, हुसैनाबाद में टाउन हॉल में शिविर का आयोजन किया गया। लोगों ने अपनी शिकायतों को व्हाटसएप नंबर (9122439779), इमेल एवं अन्य डिजिटल माध्यम से भी भेजा।

केंद्र और बिहार की डबल इंजन सरकार कोई काम नहीं कर रही : तेजस्वी यादव

पटना/समस्तीपुर, (हि.स.)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने मंगलवार को समस्तीपुर में अपनी आभार यात्रा के दौरान कहा कि केंद्र और बिहार की डबल इंजन सरकार कोई काम नहीं कर रही है। अपनी आभार यात्रा की शुरूआत समस्तीपुर से करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राजग गठबंधन पर निशाना साधा है।उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता संवाद कार्यकम से पहले समस्तीपुर परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र और बिहार की डबल इंजन सरकार कोई काम नही कर रही है। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार और सम्राट चौधरी द्वारा आभार यात्रा को ग्राहक खोजो यात्रा बताए जाने पर तेजस्वी यादव ने कहा कि वे लोग और क्या बोलेंगे,,सिर्फ लालू जी और मुझको गाली देने का काम ही कर रहे है। तेजस्वी यादव ने कहा कि जदयू और भाजपा में यह होड़ मचा है कि हमलोगों को कौन कितना ज्यादा गाली दे सकता है। सब लोगो को पता है कि जो भी भाजपा का विरोध करता है उसके पीछे केंद्रीय एजेंसियों को लगा दिया जाता है, जबकि उनके साथ आ जाने पर सभी दोष मुक्त हो जाते है। तेजस्वी यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भले उन्हें कम सीट मिला परन्तु वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी कार्यकताओं से फीडबैक लेने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर जिले में लोकसभा वाइज कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया है। तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन वे चुप बैठे है।सीएम सिर्फ दो चार लोगों से घिरे हुए है। जाति आधारित गणना, आरक्षण में क्रीमीलेयर, वक्फ बोर्ड मुद्दे पर भी सीएम चुप हो गए है। तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में लोकसभा चुनाव से बिल्कुल अलग परिणाम होने वाला है इसलिए वे कार्यकताओं को अभी से ही तैयारियों में जुट जाने की अपील करने निकले है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, अख्तरुल इस्लाम शाहीन, रणविजय साहू, राज्यसभा सदस्य संजय यादव, मुख्य प्रवक्ता शक्तिसिंह यादव समेत कई नेता मौजूद थे।

पारदर्शी तरीके से भर्ती से गिरोह के सरगना को हो रही परेशानी : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 647 वन रक्षकों वन्य जीवन रक्षकों एवं 41 अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले जिन लोगों ने युवाओं को छला था,वही आज दुष्प्रचार कर रहे हैं। आयोगों को लूट का अड्डा बना दिया था। बैकडोर से भर्तियां होती थीं। सरकारों के पास न नीति थी। न नियम...। इसीलिए आज गिरोह परेशान है। तो गिरोह के सरगना का परेशान होना लाजमी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन देश और दुनिया के लिए ज्वलंत मुद्दा है। आज मानवता के सामने संकट खड़ा हो गया है। असमय अतिवृष्टि, ओला,बाढ़, सूखा से नुकसान होता है। अति सर्वत्र वर्जयेत...। अति हर चीज का अच्छा नहीं होता।ये वन्यजीव रक्षक अगर अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे तो इस संकट से निपटने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र मिलने में पहले कई वर्ष लग जाता थालेकिन आज भर्ती होने से नियुक्ति पत्र मिलने में 6 महीने से 1 वर्ष के अंदर मिल रहा है। आपको इस भर्ती प्रक्रिया में कोई सिफारिश कोई लेन देन नहीं करना पड़ा होगा। यही सरकार भी आपसे अपेक्षा करती है। शुचितापूर्ण भर्ती हुई है तो आप से ईमानदारी का कार्य भी होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए घातक हो गए हैं। आप कभी भी पहाड़ों, जंगलों में जाएंगे तो जंगल जलते मिलेंगे।जंगल जलेंगे तो इसके दुष्परिणाम भी दिखाई देंगे। भूस्खलन होगा। आज से साढ़े 7 वर्ष पहले हमने वनाच्छादन को बढ़ाने का संकल्प लिया था इसके लिए हम हर वर्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाते हैं।इससे हमको कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा भी मिली। योगी ने कहा क पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के लिए आज इंजीनियर भी नियुक्ति पत्र पा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा को अविरल निर्मल बनाने के लिए नमामि गंगे अभियान भी चलाया।नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए आज आवश्यकता है। इससे हम प्रकृति और पर्यावरण दोनो को बचा पाएंगे। वन्यजीव रक्षक की भी आज नियुक्ति हो रही है। अक्सर हमको वन्यजीव संघर्ष देखने, सुनने को मिल रहा है। इसमें एक भी जान हमारे लिए दुःखद है। अगर कहीं किसी वन्यजीव के कमांड एरिया में जलभराव होगा तो वह आबादी की तरफ भागेगा,तराई के क्षेत्र जंगल और खेती दोनो एक दूसरे से सटे होते हैं। जंगल मे पानी भरेगा तो वन्यजीव आसपास गन्ने के खेत में आश्रय बनाएगा। इस स्थिति में कोई किसान खेत मे अकेले होगा तो वन्यजीव हिंसक होगा। जंगल खेत के बॉर्डर एरिया को इलेक्ट्रिक फेनसिंग की आवश्यकता होती है। हमको भी पहले जागरूक होना पड़ेगा।फिर ग्रामीणों को इससे बचाव भी बता सकते हैं। इस काम के लिए वन विभाग के पास पैसे भी दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य में प्रशिक्षण की आवश्यकता है। कोई भी जानवर हिंसक नहीं होता। जब कोई एक दूसरे के एरिया में अतिक्रमण करेगा तो ऐसा होता है। हमको इसके लिए स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण देना होगा। जीवन चक्र मनुष्य के साथ वन्यजीव का भी साथ-साथ चलता है। मानव वन्यजीव संघर्ष से होने वाली जनहानि के लिए उत्तर प्रदेश ऐसा पहला राज्य है जिसको आपदा के अंतर्गत मान्य किया गयाऔर 5 लाख की राशि इसके लिए दी जाती है। अवैध खनन के लिए कार्रवाई करने के कारण ही आज वनाच्छादन बढ़ा है। वन्यजीव बढ़े हैं।

दोहरे हत्याकांड में फरार 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

बागपत, (हि.स.)। जनपद की चांदीनगर थाना पुलिस ने बीते माह जीजा–साले के दोहरे हत्याकांड में फरार 50 हजार के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में पकड़ा है। कार्रवाई के दौरान इनामी बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराते हु पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। क्षेत्राधिकारी खेकडा प्रीता ने बताया कि एक माह पूर्व हिस्ट्रीशीटर कविंद्र और उसके साले की हत्या कर दी गई थी। इस सम्बंध में थाना चांदीनगर में मु0अ0सं0 155/24 धारा 103(2)/3(5) बीएनएस व मु0अ0सं0 170/24 धारा 109/317(2) बीएनएस व 3/25/27 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। छानबीन में दोहरे हत्याकांड में हर्ष जोगी पुत्र ईश्वर जोगी का नाम सामने आया था। अभियुक्त की तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया था। इस लगातार धरपकड़ के प्रयास में लगी पुलिस टीमें लोकेशन बदले जाने से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार हत्याभियुक्त पर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बीती रात इनामी हत्यारोपी बाइक से भाग रहा था। सटीक सूचना के आधार पर थाना चांदीनगर पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस सैल की संयुक्त टीम ने खैला मोड़ के पास घेर लिया। पुलिस को देख बदमाश में फायरिंग कर दी। जवाबी कार्यवाही में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

सत्य अमर लोक पूजा समिति काल्पनिक मंदिर के पंडाल का कर रही निर्माण



रांची, (हि.स.)। राजधानी रांची में एक से बढ़कर एक दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में हरमू रोड स्थित सत्य अमरलोक पूजा समिति इस वर्ष काल्पनिक मंदिर के पंडाल का निर्माण कर रही है। अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि जो पंडाल 60 फीट चौड़ा और 70 फीट ऊंचा होगा। इसे झाऊ फल, फूल और छाल आदि से निर्मित किया जा रहा है। मेदिनीपुर के मुख्य कारीगर अशोक सामंता के नेतृत्व में पंडाल का निर्माण कार्य जारी है। मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा का निर्माण बंगाल के मेदिनीपुर में किया जा रहा है। प्रतिमा 16 फीट ऊंची और 24 फीट चौड़ी होगी। मूर्ति के निर्माण में लगभग 25 दिन लगेंगे, मुख्य मूर्तिकार अनूप गोराई हैं। उन्होंने कहा कि सत्य अमरलोक पिछले 46 वर्षों से हरमू रोड में भव्य पूजा का आयोजन करती आ रही है। समिति के जरिये 1978 में छोटे रूप में पूजा शुरू हुई थी, जिसने आज विशाल रूप धारण कर लिया है। समिति के 50 से अधिक सदस्य सफल आयोजन के लिए जुटे हुए हैं।

नवादा में जन सुराज अभियान की हुई बैठक, 11 वार्ड सदस्यों ने ली सदस्यता

नवादा, (हि.स.)। जिले में हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के सकरपुरा पंचायत के टोला नया नगर में मंगलवार को जन सुराज अभियान की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जन सुराज के सदस्य इंजीनियर गोपाल कृष्ण ने जन सुराज अभियान के उद्देश्यों और इसकी महत्ता को सभा में उपस्थित सभी लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। इन्होंने विस्तार से बताया कि जन सुराज किस प्रकार बिहार में जनता के सुन्दर राज की स्थापना के लिए कार्य कर रहा है और किस तरह यह आंदोलन जन-आकांक्षाओं पर आधारित है। बैठक के दौरान सकरपुरा पंचायत के 11 वार्ड सदस्यों ने जन सुराज की सदस्यता ग्रहण की और संगठन के साथ जुड़ने की प्रतिबद्धता जताई। इनमें प्रमुख रूप से सुनील चौहान, संतोष कुमार, शरवीन कुमार, नवीन कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। इन वार्ड सदस्यों ने एक स्वर में जन सुराज के उद्देश्यों का समर्थन किया और अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सकरपुरा पंचायत के नरेंद्र कुमार ने कहा कि जन सुराज के संदेश को अपने पंचायत के हर घर तक पहुंचाने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने पंचायतवासियों से इस अभियान में जुड़ने और एक मजबूत और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के लिए अपना योगदान देने का आग्रह किया। जन सुराज विचार मंच के जिला प्रभारी अजय कुमार ने कहा कि बैठक जन सुराज के उद्देश्यों को जमीनी स्तर पर पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई और इसने पंचायत में जागरूकता और सहभागिता को और अधिक सशक्त किया।

यूपी के बहराइच में आतंक का पर्याय बना पांचवा आदमखोर भेड़िया पिंजरे में कैद

बहराइच, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में आतंक का पर्याय बन चुके आदमखोर भेड़ियों को पकड़ने में लगी वन विभाग और प्रशासन की टीम के लिए मंगलवार का दिन एक नरभक्षी भेड़िये को पकड़ने की कामयाबी लेकर आया। पकड़ा गया भेड़िया इतना खूंखार है कि वह लोहे के पिंजरे में कैद होने के बाद भी आक्रामकता से भरपूर है। वन विभाग की मानें तो केवल एक और भेड़िया इलाके में है जिसे पकड़ा जाना है। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि महसी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसैया चूड़ामणि गांव में वन विभाग ने भेड़िया को पकड़ने के लिए पिंजरा और जाल लगाया था। मंगलवार सुबह छह बजे के बाद एक भेड़िया पहले जाल में फंसा, उसके बाद वह पिंजरे में कैद हो गया। उसे वनकर्मियों द्वारा कब्जे में लेते हुए रेंज कार्यालय लाया गया। डीएफओ ने बताया कि पकड़ा गया भेड़िया काफी खूंखार है। वह पिंजरे में होने के बाद भी शांत नहीं बैठ रहा है। डिप्टी रेंजर दीपक सिंह ने बताया कि पिंजरे में कैद भेड़िया मादा है। उसकी उम्र करीब पांच वर्ष है। वन दरोगा अमित कुमार वर्मा ने बताया कि चार भेड़िया पहले ही पकड़े जा चुके हैं। मंगलवार सुबह एक और भेड़िया पकड़ा गया है। इसको मिलाकर अब तक कुल पांच भेड़ियों को पकड़ा जा चुका है। पकड़े गए भेड़ियों में एक की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि फिलहाल इलाके में आए लगभग सभी भेड़िए पकड़े जा चुके हैं लेकिन एक के होने की अब भी संभावना है। उसको देखते हुए वन कर्मियों की टीमें कांबिंग और सर्च आपरेशन जारी है। जल्द ही उसके पकड़े जाने के बाद जनपद को भेड़ियों की दहशत से निजात मिल जाएगी।

मुख्यमंत्री ने परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद को दी श्रद्धांजलि

परमवीर अब्दुल
चौक

रांची, (हि.स.)। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर कांटाटोली चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने परमवीर अब्दुल हमीद चौक, कांटाटोली के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पार्षद हत्याकांड में आरोपितों की कुर्की-जब्ती करेगी रांची पुलिस

रांची, (हि.स.)। रांची पुलिस पार्षद वेद प्रकाश हत्याकांड के आरोपितों धीरज मिश्रा और सत्यम पाठक के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू करेगी। इस मामले के जांच अधिकारी ने रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में दोनों आरोपितों के खिलाफ इश्तहार जारी करने का आग्रह किया है। इससे पहले कोर्ट दोनों आरोपितों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर चुका है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने धुर्वा में वेद प्रकाश को गोली मार दी गयी थी। लंबे इलाज के बाद दिल्ली में वेद प्रकाश की तीन अगस्त को मृत्यु हो गयी थी। इस केस के एक आरोपित को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है जबकि अन्य आरोपित फरार है।

भाजपा जिला प्रवक्ता पर हमला, अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

भागलपुर, (हि.स.)। जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र में पार्षद पति सह भाजपा नेता शशि मोदी पर अपराधियों ने हमला किया है। बताया जा रहा है कि शशि मोदी पर अपराधियों ने बम से हमला कर दिया। इसके बाद जैसे ही वह जमीन पर गिरे तो अपराधियों ने गले और सिर समेत शरीर के कई हिस्से में धारदार हथियार से हमला कर दिया। उनके साथी गोलू तिवारी पर भी हमला कर दिया गया। घटना में गम्भीर रूप से घायल पार्षद पति और उनके साथी को आनन फानन में जेएलएनएमसीएच में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है बीते रात करीब 12 बजे कई युवकों ने नशे में कुतुबगंज स्थित गणेश पूजा पंडाल पहुँचे। वहाँ महिलाओं पर फब्तियां कसने लगे। साथ ही एक युवक से फोन भी छीन लिया। पंडाल में मौजूद पार्षद पति ने यह देखा तो उसने नशेड़ियों को रोक लेकिन विवाद हो गया। इसके बाद अपराधियों ने शशि मोदी पर हमला कर दिया। अपराधी यहीं नहीं रुके उसने शशि मोदी के पिता के घर पर भी हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत है। भागलपुर एसएसपी कार्यालय के हवाले से बताया गया है कि बबरगंज थाना अंतर्गत कुतुबगंज महादेव तालाब के पास गणेश पूजा का आयोजन किया गया है। बीते 08 सितंबर को मेला में लोदीपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले कुछ युवकों के द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इस पर मेला के संयोजक एवं लोदीपुर थाना के युवकों के बीच नोंक झोंक हुई, जिसे वार्ड पार्षद के पति शशि मोदी एवं पूजा संयोजकों के द्वारा समझा बुझाकर मामला को शांत कर दिया गया। 09 सितंबर की रात्रि करीब 11:30 बजे चौधरीडीह के रहने वाले युवकों के द्वारा वार्ड परिषद के पति शशि मोदी एवं अन्य दो लोगों पर गणेश पूजा के मेले में जानलेवा हमला किया गया, जिससे वे लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। बबरगंज पुलिस के द्वारा उन्हें तुरंत मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। बम से हमले जैसी बात गलत है। इस मामले में घटना कारित करने वाले युवकों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है तथा अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

वित्त मंत्री सीतारमण से विश्व आर्थिक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. क्लॉस श्वाब और सीएसईपी के मानद अध्यक्ष राकेश मोहन ने मुलाकात की

नई दिल्ली।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. क्लॉस श्वाब ने मंगलवार को यहां मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई मसलों पर बातचीत हुई। हालांकि, इसका पूरा ब्योरा अभी मिल पाया है।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. क्लॉस श्वाब ने नई दिल्ली स्थित नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री कार्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की है।

उल्लेखनीय है कि विश्व आर्थिक मंच एक गैर-लाभकारी एवं अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इस संगठन की स्थापना 1971 में हुई थी। इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के जिनेवा में स्थित है। ये फोरम वैश्विक, क्षेत्रीय और औद्योगिक एजेंडों को आकार देने के लिए राजनीतिक, व्यापारिक, सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र के अग्रणी नेतृत्व को एक साझा मंच उपलब्ध कराता है।

सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस के अध्यक्ष से हुई भेंट

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस (सीएसईपी) के मानद अध्यक्ष और प्रतिष्ठित फेलो राकेश मोहन ने मंगलवार को यहां मुलाकात की। वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस (सीएसईपी) के मानद अध्यक्ष और प्रतिष्ठित फेलो राकेश मोहन ने राजधानी नई दिल्ली स्थित नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री कार्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की है। सीएसईपी एक स्वतंत्र भारतीय सार्वजनिक नीति थिंक टैंक है। राकेश मोहन सीएसईपी के मानद अध्यक्ष एवं विशिष्ट फेलो हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

जीवन बीमा कंपनियों का नया कारोबार प्रीमियम 22 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। जीवन बीमा कंपनियों की अगस्त में नई पॉलिसी की बिक्री से प्रीमियम आय 22 प्रतिशत बढ़कर 32,644 करोड़ रुपए हो गई। उद्योग निकाय जीवन बीमा परिषद की तरफ से जारी मासिक आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 5 महीनों में बीमा कंपनियों का नया कारोबार प्रीमियम संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 1,54,194 करोड़ रुपए हो गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 1,27,661 करोड़ रुपए था। इन आंकड़ों से पता चलता है कि नए पॉलिसी से प्रीमियम आय बढ़कर अगस्त में 32,644 करोड़ रुपए हो गई जबकि अगस्त, 2023 में यह 26,788.55 करोड़ रुपए थी। इस साल अब तक का प्रीमियम संग्रह पिछले साल के 1,27,661 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,54,194 करोड़ रुपए हो गया। व्यक्तिगत उपभोक्ताओं और कॉरपोरेट ग्राहकों की ओर से बीमा सुरक्षा की मांग लगातार बने रहने के बावजूद अगस्त, 2024 में नई पॉलिसी जारी करने की संख्या 1.44 प्रतिशत घटकर 23,94,007 रह गई। पिछले साल की समान अवधि में बीमा कंपनियों ने 24,28,895 पॉलिसी बेची थीं। जीवन बीमा कंपनियों ने पिछले महीने 1,08,147 व्यक्तिगत जीवन बीमा एजेंट को जोड़ा। वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत में मौजूद एजेंटों की कुल संख्या 3.748 बढ़ चुकी है।

टाटा की कारों पर दिया जा रहा 2 लाख रुपए तक का बंपर डिस्काउंट

मुंबई । टाटा मोटर्स ने फेस्टिव सीजन के लिए अपनी गाड़ियों पर दो लाख रुपए तक की छूट देने की घोषणा की है। कंपनी ने फेस्टिवल ऑफ कार्स नाम से एक अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य त्योहारी सीजन में कारों की बिक्री को बढ़ाना है। यह छूट 31 अक्टूबर दिवाली तक उपलब्ध रहेगी। टाटा मोटर्स ने ऑफर्स की इस लिस्ट में टियागो, टिगोर, अल्ट्रोज, नेक्सन, हैरियर और सफारी को शामिल किया है। हालांकि कंपनी ने अपनी 2 सबसे ज्यादा बिक रही कारों- टाटा पंच और हालिया लॉन्च कर्व पर कोई डिस्काउंट नहीं दिया है। टियागो पर 65,000 रुपए, अल्ट्रोज पर 45,000 रुपए, टिगोर पर 30,000 रुपए, नेक्सन पर 80,000 रुपए, हैरियर पर 1.60 लाख रुपए और सफारी पर 1.80 लाख रुपए तक की छूट दी जा रही है। टाटा मोटर्स ने डिस्काउंट के बाद अपनी कारों की नई शुरुआती कीमत जारी की है। इसमें टिआगो की शुरुआती एक्स शोरूम कीमत अब 4.99 लाख रुपए, अल्ट्रोज की 6.49 लाख रुपए, टिगोर 5,99,900 रुपए, नेक्सन की 7.99 लाख रुपए, हैरियर की 14.99 लाख रुपए और सफारी की 15.49 लाख रुपए कर दी गई है।

चीन का निर्यात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 308.65 अरब डॉलर हुआ



हांगकांग। विदेशों में मांग बढ़ने की वजह से चीन के निर्यात में लगातार पांचवें महीने वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि धीमी होती चीनी अर्थव्यवस्था के बीच आयात में गिरावट आई है। चीन के सीमा शुल्क कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त में निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8.7 प्रतिशत बढ़कर 308.65 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह अर्थशास्त्रियों के करीब 6.5 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। जुलाई में निर्यात सात प्रतिशत की दर से बढ़ा था। अगस्त में यह आंकड़ा 18 महीने में सबसे मजबूत है। इसकी बड़ी वजह अगस्त 2023 में कम आधार है, जब निर्यात में 8.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। तुलनात्मक रूप से एक साल पहले की तुलना में आयात में केवल 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह अर्थशास्त्रियों द्वारा लगाए गए करीब दो प्रतिशत के अनुमान से कम है। कैपिटल इकोनॉमिक्स के जिचुन हुआंग ने कहा कि निर्यात मूल्य पिछले 17 महीने में सबसे तेज गति से बढ़े हैं। निर्यात की मात्रा रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है।

लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों ने कमाए 3.49 लाख करोड़ रुपये

ऑयल एंड गैस के अलावा सभी सेक्टोरल इंडेक्स में आई तेजी

HINDALCO +0.7%
107 +0.70

नई दिल्ली।

घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन शुरुआती दबाव का सामना करने के बाद मजबूती के साथ कारोबार का अंत किया। कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी लेकिन बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि, पहले घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार ने रिकवरी करके वापस हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.44 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान टेलीकॉम, आईटी, फार्मास्यूटिकल और पावर सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स, हेल्थ केयर, टेक, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, मेटल, एफएमसीजी, बैंक और मीडिया इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयर बिकवाली का शिकार हो गए। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.53 प्रतिशत की छलांग लगा कर कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 463.59 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.17 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 3.49 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,042 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,590 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,351 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 101 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,452 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,700 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 752 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर बढ़त के साथ और 8 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 209.18 अंक की मजबूती के साथ 81,768.72 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के थोड़ी देर बाद ही से ये सूचकांक बिकवाली के दबाव की वजह से ओपनिंग लेवल से करीब 325 अंक लुढ़क कर 114 अंक की कमजोरी के साथ 81,445.30 अंक तक गिर गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और चौतरफा लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 2 बजे के करीब ये सूचकांक 637.01 अंक की मजबूती के साथ 82,196.55 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स ओपनिंग लेवल से 275 अंक टूट कर 361.75 अंक की मजबूती के साथ 81,921.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 63 अंक की मजबूती के साथ 24,999.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये सूचकांक सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में 24,896.80 अंक तक गिर गया। हालांकि, इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक ने वापस हरे निशान में अपनी जगह बना ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 194.10 अंक की तेजी के साथ 25,130.50 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि, आखिरी घंटे में मुनाफा वसूली के चक्कर में शुरू हुई बिकवाली की वजह से निफ्टी ऊपरी स्तर से करीब 90 अंक लुढ़क कर 104.70 अंक की तेजी के साथ 25,041.10 के स्तर पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डिवीज लेबोरेट्रीज 4.89 प्रतिशत, एलटी माइंडट्री 3.20 प्रतिशत, भारती एयरटेल 2.28 प्रतिशत, विप्रो 2.12 प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजी 1.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, एचडीएफसी लाइफ 4.47 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 2.54 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.93 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 1.68 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस 1.44 प्रतिशत की कमजोरी के साथ टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

2030 तक एक करोड़ इकाई का होगा भारत का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार : गडकरी

मंत्री ने कहा-भारत जल्द ही लिथियम-आयन बैटरी के निर्यात की स्थिति में होगा

नई दिल्ली।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार वर्ष 2023 तक एक करोड़ इकाई सालाना बिक्री के आंकड़े को छू लेगा। इससे पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही लिथियम-आयन बैटरी निर्यात करने की स्थिति में होगा।

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी नई दिल्ली में आयोजित सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 64वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। गडकरी ने कहा कि भारत भविष्य में दुनिया का शीर्ष वाहन विनिर्माण केंद्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार 2030 तक एक करोड़ इकाई सालाना तक पहुंच सकता है। इससे पांच करोड़ नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ईवी बाजार की क्षमता वर्ष 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि लिथियम-आयन बैटरियों की लागत में और कमी आने की उम्मीद है, जिससे किफायत में मदद मिलेगी और इस प्रकार बड़े पैमाने पर इसकी स्वीकार्यता में तेजी आएगी। दरअसल एक अनुमान के मुताबिक ईवी वित्तपोषण बाजार का आकार 4 लाख करोड़ रुपये है।

उल्लेखनीय है कि सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स एक गैर-लाभकारी शीर्ष निकाय है। यह देश में सभी प्रमुख वाहन और वाहन इंजन निर्माताओं का प्रतिनिधित्व करता है।

उत्पादन के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र जरूरी

नई दिल्ली। वाहन उद्योग को विशेष रूप से सैमीकंडक्टर सहित इलैक्ट्रॉनिक कलपुर्जो के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। मारुति सुजुकी इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि महंगे आयात पर निर्भरता कम करने और उत्पादों को किफायती बनाए रखने के लिए ऐसा करना जरूरी है।

सोना महंगा होने की आशंका के चलते अभी से शुरू हुई शादियों की खरीदारी

दीपावली तक नए शिखर पर पहुंच सकता है सोना का भाव

नई दिल्ली।

इंटरनेशनल मार्केट में सोने के भाव में आए उछाल और घरेलू शेयर बाजार में भी सोने के नए शिखर पर पहुंचने की संभावनाओं की वजह से इस साल सितंबर में ही सोने की खरीदारी में तेजी आ गई है। नवंबर में शुरू होने वाले शादी के सीजन के लिए अभी से ही ज्वेलर्स के पास एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। दावा किया जा रहा है कि सितंबर के महीने में गोल्ड ज्वेलरी की बिक्री और एडवांस बुकिंग में 50 प्रतिशत तक की तेजी आ गई है।

उल्लेखनीय है कि देश में फिलहाल 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा है। मार्केट के एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि दीपावली और उसके बाद शादी का सीजन शुरू होने पर सोना 76 हजार रुपये के स्तर को भी पार कर सकता है। गणेश चतुर्थी के साथ ही देश में फेस्टिवल सीजन की शुरुआत भी हो गई है। हालांकि इस बीच श्राद्ध यानी पितृ पक्ष का पखवाड़ा भी आएगा। इस पखवाड़े में सोने की खरीदारी में कुछ कमी जरूर आती है, लेकिन इसके बाद नवरात्रि की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही सोने की खरीदारी में भी तेजी आ जाएगी।

जानकारों क्या कहना है कि फेस्टिवल सीजन में आमतौर पर सोने के निवेश के प्रति लोगों का रुझान बढ़ जाता है। ऐसे में शादी के सीजन के लिए गोल्ड मार्केट में फ्रेश बुकिंग होने से सोने के भाव में और तेजी आने की संभावना बनी हुई है। दिल्ली सर्राफा बाजार के कारोबारी सुधांशु बंसल का कहना है की दिवाली के आसपास हर साल सोने के भाव में तेजी आ जाती है, क्योंकि पारंपरिक तौर पर लोग धनतेरस या दिवाली के दिन सोने की खरीदारी करना शुभ मानत हैं। दिवाली के बाद शादी का सीजन शुरू हो जाता है, जिसमें सोने की मांग और बढ़ जाती है। बंसल का कहना है कि घरेलू मांग से इतर अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी इन दोनों सोना लगातार नई ऊंचाई को छू रहा है।

सर्राफा बाजार में महंगी हुई चांदी सोने में हो रहा सपाट कारोबार

नई दिल्ली।

घरेलू सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। इस चमकीली धातु की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दूसरी ओर चांदी ने 700 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। सपाट स्तर पर कारोबार होने की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना भी 73,010 रुपये से लेकर 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,940 रुपये से लेकर 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं कीमत में आई तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 85,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना मंगलवार को 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी मंगलवार को सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली।

ग्लोबल मार्केट से मंगलवार को मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान एक प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का माहौल बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में मंगलवार को मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.35 प्रतिशत की छलांग लगा कर 5,480.98 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 224.17 अंक यानी 1.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,915 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 433.51 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,778.92 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 1.08 प्रतिशत उछल कर 8,270.84 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,425.26 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 141.66 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,443.56 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में मंगलवार को मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,966.50 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.18 प्रतिशत लुढ़क कर 2,531.39 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.05 प्रतिशत फिसल कर 1,430.36 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स से 0.53 प्रतिशत टूट कर 2,722.01 अंक के स्तर पर कारोबार करते नजर आ रहे हैं।

दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 36,260.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,509.84 के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,244.67 अंक के स्तर पर, ताइवान वेटेड इंडेक्स से 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 21,147.63 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,734.32 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

एलायंस एयर 01 अक्टूबर से बेंगलुरु उड़ान का संचालन टर्मिनल-2 पर करेगी स्थानांतरित



नई दिल्ली। एलायंस एयर अपने बेंगलुरु उड़ान का संचालन 01 अक्टूबर, 2024 से केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) के टर्मिनल 1 से टर्मिनल 2 पर स्थानांतरित करेगी। एयरलाइन ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि सभी यात्रियों को सूचित किया जाता है कि एक अक्टूबर, 2024 से एलायंस एयर के उड़ान का संचालन बेंगलुरु केआईए हवाई अड्डे पर टर्मिनल 1 से टर्मिनल 2 पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। कंपनी ने कहा कि अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.allianceair.in पर जाएं, या 044 42554-255 या 044 3511 3511 पर संपर्क करें।दरअसल केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का टर्मिनल-1 इंडिगो, अकासा एयर, एलायंस एयर और स्पाइसजेट की घरेलू उड़ानों के लिए परिचालन केंद्र है, जबकि टी2 एयरएशिया, एयर इंडिया, स्टार एयर और विस्तारा की घरेलू उड़ानों के साथ-साथ सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए विशेष केंद्र है। उल्लेखनीय है कि एलायंस एयर एयरलाइंस एआईएएचएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जो एयर इंडिया लिमिटेड के विनिवेश के बाद भारत सरकार द्वारा गठित एक विशेष प्रयोजन विमानन कंपनी है।



प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 18 से, टेबिल टेनिस की भी होगी प्रतियोगिता

लखनऊ।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष पर राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 सितम्बर तक गोंडा में किया जाएगा। इसके लिए जिला और मंडल स्तर पर चयन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। वहीं कौशांबी में प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगी होगी। वहीं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता 26 से 28 सितम्बर को अलीगढ़ में होगा। इस संबंध में खेल निदेशक डॉ. आर.पी. सिंह ने बताया कि शासन स्तर से खेलों पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस माह प्रदेश स्तर पर तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इसमें एक कौशांबी, दूसरा अलीगढ़ और तीसरा गोंडा में होगा।

इस प्रतियोगिताओं में सभी मंडलों से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसके लिए पहले जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया होनी है। इसके बाद मंडल स्तर पर और फिर मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जिला और मंडल स्तर पर चयन प्रक्रिया के लिए निर्देश दिये जा चुके हैं। हर जगह तैयारियां चल रही हैं। चयन के बाद सभी मंडल स्तर के खिलाड़ियों का नाम प्रदेश स्तर पर आ जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एटकिंसन को आराम

लंदन। इंग्लैंड ने माह के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को आराम दिया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ छह टेस्ट मैचों में तेज गेंदबाज के नेतृत्व करने के बाद उनके कार्यभार को प्रबंधित करने का निर्णय लिया है। एटकिंसन, जिन्होंने जुलाई में लॉर्ड्स में विंडीज के खिलाफ पदार्पण किया था, छह टेस्ट मैचों में 34 विकेट के साथ समाप्त हुए। उन्होंने क्रिस वोक्स के साथ गर्मी में इंग्लैंड के लिए लगातार छह टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया। श्रीलंका सीरीज के बाद इसतरह के संकेत थे कि गर्मियों के दौरान एटकिंसन की गति कम हो गई थी। ओवल में तीसरे दिन भी उन्होंने मैदान से बाहर कुछ समय बिताया। हालांकि, उन्होंने चौथी पारी में 11 ओवर किए थे। फिलहाल ईसीबी ने उनके स्थान पर ऑली स्टोन को टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड सितंबर के अंत में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने को तैयार है, इसके बाद नवंबर में न्यूजीलैंड का एक और तीन टेस्ट मैचों का दौरा होगा। इस गर्मी में, स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन के संन्यास के बाद इंग्लैंड ने अपने सीम आक्रमण को नया आकार देने पर ध्यान केंद्रित किया है। इंग्लैंड के कार्यवाहक टेस्ट कप्तान ओली पोप ने एटकिंसन के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि वह ठीक हैं। जाहिर तौर पर अब एटकिंसन को तरोताजा होने और आगे बढ़ने के लिए कुछ हफ्ते की छुट्टी मिल गई है।

न्यूज ब्रीफ

राइट-आर्म मीडियम नहीं, ना राइट-आर्म फास्ट यह गलत है: बुमराह



नई दिल्ली। जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाज के लिए छोटा रन-अप एक सख्त हाथ की गेंदबाजी एक्शन के साथ खत्म होता है जिसे कोचिंग मैनुअल कभी स्वीकार नहीं कर सकता लेकिन बुमराह ने न केवल उस अजीबोगरीब एक्शन के साथ प्रदर्शन किया है, बल्कि दुनिया भर के बल्लेबाजों के लिए खतरा भी बन गए। मुंबई इंडियंस के लिए 2013 आईपीएल के साथ बड़े मंच पर अपनी मौजूदगी के बाद से इस गेंदबाज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प वीडियो सामने आया है, जो मुंबई इंडियंस के साथ उनके डेब्यू साल का है, जिसमें एक युवा बुमराह के बारे में प्रकाशित एक स्टोरी में उन्हें राइट आर्म मीडियम कहे जाने पर बुमराह ने आपत्ति जताते नजर आ रहा है। उन्हें किसी से यह कहते सुना जा सकता है, यह गलत लिखा है। राइट-आर्म मीडियम नहीं है ना, राइट-आर्म फास्ट है। आईपीएल में अपना जलवा दिखाने के तीन साल बाद बुमराह ने जनवरी 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में भारत के लिए खेला था। इसके तीन दिन बाद उन्होंने टी20आई में पदार्पण किया और जनवरी 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में पहली बार टेस्ट जर्सी पहनी और खेला। बुमराह ने अब तक भारत के लिए 36 टेस्ट में 159 विकेट, 89 वनडे में 149 विकेट और 70 टी20आई में 89 विकेट ले चुके हैं।

मैदान की हालत देख अफगानिस्तान टीम ने दोबारा यहां ना आने की खाई कसम, दिल्ली के नोएडा स्टेडियम में होना था अफगान-न्यूजीलैंड का टेस्ट मैच

नई दिल्ली। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है, जो पहले कभी देखने को नहीं मिली। दोनों टीमों के बीच भारत में खेला जाने वाला टेस्ट मैच दूसरे दिन भी शुरू नहीं हो सका। दोनों टीमें पूरी तरह तैयार हैं लेकिन मौसम इसमें अडंगा डाल रहा है। नोएडा स्टेडियम की खराब तैयारी ने पूरा मैच खराब कर दिया है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में इससे खराब स्थिति कभी देखी ही नहीं गई जब दो दिन से बारिश नहीं हुई हो और इसके बावजूद मैदान गीला होने के चलते खेल नहीं हो पा रहा है। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 9 सितंबर से टेस्ट मैच खेला जाने वाला था। यह मैच ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होना है। दोनों टीमें नोएडा पहुंच चुकी हैं लेकिन खेल नहीं पा रही हैं। दरअसल, मैच शुरू होने के एक दिन पहले यहां बारिश हुई। रात में बूंदाबांदी होती रही लेकिन सोमवार को मैच शुरू होना था, उस दिन बारिश नहीं हुई। कुछ समय बादल जरूर छाए और धूप भी निकली लेकिन स्टेडियम की गीली आउटफील्ड और घटिया जल निकासी के चलते पहले दिन का खेल बिना एक भी गेंद फेंके रद्द करना पड़ा।

इंग्लैंड पर जीत को कप्तान धनंजय.....सबसे खुशी वाला क्षण बताया

लंदन। तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर अपनी टीम की जीत के बाद श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने अपने करियर के सबसे खुशी के क्षणों में से एक कहा। पथुम निसांका के शानदार शतक और दूसरी पारी में श्रीलंकाई गेंदबाजों के बेहतरीन प्रयासों से श्रीलंका ने द ओवल में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 8 विकेट से जीत हासिल की। यह श्रीलंका की इंग्लैंड में चौथी और देश में 10 साल में पहली जीत है। यह इंग्लैंड में किसी एशियाई देश द्वारा किया गया सबसे सफल रन चेज (219) है, जिसने 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान के 180 रनों के चेज को पीछे छोड़ दिया। कप्तान धनंजय ने कहा कि फिलहाल टीम में कोई भावना नहीं थी लेकिन यह मेरे करियर के सबसे खुशी के क्षणों में से एक है। पिछले 2 हफ्तों में हमें कठिन समय का सामना करना पड़ा और यहां वापस आना पड़ा और अंग्रेजी परिस्थितियों के खिलाफ जीत हासिल करो और इंग्लैंड की टीम शानदार है, 20 विकेट लेकर और मैं लड़कों से इसी बारे में बात कर रहा हूं और वे इसके लिए तैयार हैं। निसांका पर धनंजय ने उन्हें श्रीलंका का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बताया। उन्होंने कहा कि मैं निसंका को टीम में चाहता था, लेकिन केवल 11 ही खेल सकते थे और जैसे ही निसंका आया, उसने कमाल कर दिया कि वह इस समय श्रीलंका का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। हमारे पास टेस्ट में एक निश्चित बल्लेबाजी लाइनअप है।

पेरिस पैरालिंपिक से स्वदेश लौटने पर भारतीय दल का हुआ जोरदार स्वागत

नई दिल्ली।

पेरिस पैरालिंपिक में इतिहास रचने के बाद भारतीय दल आज नई दिल्ली लौट आया है। आईजीआई एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत हुआ। भारतीय दल ने पैरालिंपिक में 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदक जीते।

ऐतिहासिक अभियान के समापन के बाद, भारत ने 2020 में टोक्यो में 19 पदक के अपने पिछले रिकॉर्ड पदक को पार कर लिया, जो टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में हासिल किया गया था। भारत इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता को 18वें स्थान पर रहा। पैरा-शूटर अवनि लेखरा दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, वह 249.7 अंकों के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 शूटिंग खिताब का बचाव करने में सफल रहीं। भारत ने पहली बार पैरा-एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एक-द्वितीय स्थान दर्ज किया, जिसमें धरमबीर और परनव सूरमा ने पुरुषों की क्लब थ्रो एफ 51 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। यह इस खेल में भारत के पहले पदकों में से एक था। धर्मबीर ने 34.92 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। टी64 ऊंची कूद स्पर्धा में, प्रवीण कुमार 2.08 मीटर की एशियाई रिकॉर्ड-तोड़ छलांग के साथ पोडियम के शीर्ष पर रहे, जिससे भारत को छठा स्वर्ण पदक मिला। भारत ने प्रतियोगिता सात स्वर्ण पदकों के साथ समाप्त की। भारत को ओलंपिक और पैरालिंपिक में अपना पहला तीरंदाजी चैंपियन भी मिला, जिसमें हरविंदर सिंह ने पोलैंड के लुकाज़ सिसज़ेक के खिलाफ व्यक्तिगत रिकर्व पैरा-तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल अपने पैरालिंपिक खिताब का बचाव करने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए, जिन्होंने 70.59 मीटर के आश्चर्यजनक पैरालंपिक रिकॉर्ड-ब्रेक थ्रो के साथ एफ 64 स्पर्धा में बैक-टू-बैक स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने टोक्यो 2020 के दौरान बनाए गए अपने ही पिछले रिकॉर्ड को एक बार नहीं, बल्कि तीन बार तोड़ा।

यूएस ओपन से जल्दी बाहर होने के बाद डेविस कप के लिए तैयार कार्लोस अल्कराज

मैड्रिड। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज इस सप्ताह के अंत में डेविस कप के ग्रुप चरण में स्पेन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। स्पेन का कठिन ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, चेक गणराज्य और फ्रांस से मुकाबला होगा, जिसके मैच वालेंसिया में खेले जाएंगे। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में, अल्कराज से यूएस ओपन में दूसरे दौर में निराशाजनक हार के बाद उनकी फिटनेस के बारे में पूछा गया। उन्होंने स्वीकार किया कि, न्यूयॉर्क में, वह उस स्तर पर खेलने में कामयाब नहीं हुए जो उन्हें पसंद था। उन्होंने कहा, उस स्तर पर प्रदर्शन करना बहुत मुश्किल है जो आप हर दिन चाहते हैं, और आपको करना होगा चीजें जैसी भी आएं उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार रहें। अल्काराज़ ने कहा कि प्रशिक्षण में कमी और बहुत तीव्र गर्मी के कारण बाद उनमें तैयारी की कमी थी, उन्होंने जोर देकर कहा कि हालंकि अब वह घर पर डेविस कप खेलने के लिए अच्छा और प्रेरित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मानसिक रूप से मैं सुधार जारी रखने के लिए बहुत उत्सुक और प्रेरित हूं, और शारीरिक रूप से मैंने डेविस कप और जो आने वाला है उसका सामना करने के लिए न्यूयॉर्क में हारने के बाद से अच्छा काम किया है। अल्काराज ने खुलासा किया कि बोटिक वैन डे ज़ैंडस्चुल्प से यूएस ओपन में हार के बाद, वह अन्य रुचियों के साथ समय बिता रहे थे। उन्होंने कहा, मेरे पास अपने दिमाग को शांत करने के लिए कुछ दिन थे। लेकिन हमने सोचा कि सबसे अच्छी बात प्रशिक्षण पर वापस जाना और शारीरिक रूप से फिट होना है।

अमेरिका कप नौकायन

फ्रेंच ओरिएंट एक्सप्रेस यॉट बाहर, आईएनईओएस-ब्रिटानिया बोट शीर्ष पर

नई दिल्ली।

बार्सिलोना में चल रहे अमेरिका कप में सोमवार को दूसरे राउंड-रॉबिन श्रृंखला में रेसिंग के आखिरी दिन के बाद बाहर होने वाली छह उम्मीदों में से फ्रेंच ओरिएंट एक्सप्रेस यॉट पहली थी। अमेरिका कप एक नौकायन प्रतियोगिता है और किसी भी खेल में अभी भी संचालित होने वाली सबसे पुरानी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है।

बार्सिलोना में खराब मौसम के कारण रविवार की रेस स्थगित होने के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना के लिए फ्रांसीसियों को जीत की जरूरत थी, लेकिन उन्हें ब्रिटेन की आईएनईओएस-ब्रिटानिया बोट ने हराया और छह-नौका समूह में दो राउंड रोबिन श्रृंखला में से केवल एक जीत के साथ अंतिम स्थान पर रहने के बाद बाहर हो गए। दिन की दूसरी दौड़ में स्विट्जरलैंड की अलिंगी रेड बुल रेसिंग नौका का सामना करने की तैयारी में कोर्स की सीमाओं से परे जाने के बाद इतालवी लूना रॉसा प्रादा पिरेली को अयोग्य घोषित कर दिया गया। स्विस को अब सेमीफ़ाइनल में जगह मिल गई है, लेकिन अयोग्यता का मतलब है कि लूना रॉसा ने समूह में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। सोमवार की अन्य रेस का क्वालीफिकेशन पर कोई असर नहीं पड़ा और टीम एमिरेट्स-न्यूजीलैंड ने एनवाईसी अमेरिका मैजिक को हरा दिया।

जनपद स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में जीजी हिंदू इंटर कालेज अव्वल

मुरादाबाद।

माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला परियोजना अधिकारी मुरादाबाद के निर्देशानुसार मंगलवार को जीजी हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद में किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कुलदीप बरनवाल ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर किया तथा अच्छे प्रदर्शन के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में मेजबान विद्यालय जीजी हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद तथा एसएस इंटर कॉलेज मुरादाबाद की बैंड टीम ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने क्विक मार्च, स्लो मार्च तथा देशभक्ति गीतों की धुन पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक का दायित्व दिनेश चंद शर्मा, वीर सिंह तथा बंश बहादुर ने निभाया। प्रतियोगिता में सुंदर व आकर्षक प्रस्तुति देते हुए जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि एसएस इंटर कॉलेज मुरादाबाद उपविजेता रहा।

महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए मायर, कैस्पर्क न्यूजीलैंड टीम में शामिल

वेलिंगटन।

न्यूजीलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात में आगामी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज रोजमेरी मायर और ऑफस्पिनर लेघ कैस्पर्क को शामिल किया है। इस साल की शुरुआत में मार्च में इंग्लैंड के न्यूजीलैंड दौरे के टी20ई चरण के दौरान मायर को पीठ में चोट लग गई थी, जिससे वह बाद के एकदिवसीय मैचों और फिर जून-जुलाई में वापसी दौरे से बाहर हो गईं। दूसरी ओर, ऑफ स्पिनर कैस्पर्क ने इंग्लैंड की उस यात्रा के टी20ई चरण में एक साल के बाद न्यूजीलैंड में वापसी की, और वह विश्व कप में टीम के स्पिन रिजर्व को मजबूत करेंगी जो कि उनका चौथा विश्व कप होगा। इस बीच, सोफी डिवाइन, जो टूर्नामेंट के बाद टी20ई कप्तानी छोड़ देंगी ने कहा, महिलाओं के खेल के विकास में टी20 विश्व कप एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है और यह सोचना मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि जब से इसकी शुरुआत हुई है तब से मैं इसमें खेल रही हूं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में विश्व स्तरीय टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के एक और अवसर की प्रतीक्षा कर रही हूं जो ट्रॉफी घर ले जाने की होड़ में हैं। मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, मैं वास्तव में इस टीम से खुश हूं, मुझे लगता है कि ये हमारे सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी हैं जो संभावित विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढल जाएंगे। विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले यही टीम 19 से 24 सितंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में भी खेलेगी। विश्व कप में न्यूजीलैंड मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है। वे अपने दो अभ्यास मैच दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ खेलेंगे और 4 अक्टूबर को भारत के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेंगे।

न्यूजीलैंड की टीम: सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, एडेन कार्सन, इज़्ज़ी गेज़ (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, फ्रैन जोनास, लेह कैस्पर्क, जेस केर, मेली केर, रोज़मेरी मायर, मौली पेनफ़ोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्नाह रोवे, ली ताहुहु।

दलीप ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे दौर के लिए कुछ बदलावों के साथ टीमें घोषित

नई दिल्ली।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 12 सितंबर से अनंतपुर में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के लिए कुछ बदलावों के साथ टीमों की घोषणा कर दी है। मयंक अग्रवाल को इंडिया ए का कप्तान बनाया गया है।

इंडिया ए के कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव और आकाश दीप को बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम में नामित किया गया है और वे आगामी दौर में शामिल नहीं होंगे। चयनकर्ताओं ने गिल के स्थान पर प्रथम सिंह (रेलवे), केएल राहुल के स्थान पर अक्षय वाडकर (विदर्भ सीए) और जुरेल के स्थान पर एसके रशीद (आंध्र सीए) को नामित किया है।

बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी टीम में कुलदीप की जगह लेंगे, जबकि आकिब खान (यूपीसीए) आकाश दीप की जगह टीम में शामिल होंगे। इंडिया बी में शामिल यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत को भारत की टीम में नामित किया गया है और चयनकर्ताओं ने क्रमशः सुयश प्रभुदेसाई और रिंकू सिंह को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया है।

तेज गेंदबाज यश दयाल को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है, जबकि सरफराज खान को भी भारत की टीम में शामिल किया गया है। हालांकि वह दूसरे दौर के खेल में शामिल होंगे। हिमांशु मंत्री (मध्य प्रदेश सीए) को यश दयाल की जगह टीम में शामिल किया गया है।

अक्षर पटेल टीम डी से भारतीय टीम में शामिल होंगे। उनकी जगह निशांत सिंधु (हरियाणा सीए) लेंगे। तुषार देशपांडे चोट के कारण दूसरे दौर से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह भारत ए के विदवथ कावेरप्पा लेंगे।

अपडेटेड इंडिया ए टीम: मयंक अग्रवाल (कप्तान), रियान पराग, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुष कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, अवेश खान, कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत, प्रथम सिंह, अक्षय वाडकर, एसके रशीद, शम्स मुलानी, आकिब खान।

अपडेटेड इंडिया बी टीम: अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), सरफराज खान, मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीसन (विकेटकीपर), सुयश प्रभुदेसाई, रिंकू सिंह, हिमांशु मंत्री (विकेटकीपर)।

अपडेटेड इंडिया डी टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, सारांश जैन, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, संजू सैमसन (विकेटकीपर), निशांत सिंधु, विदवथ कावेरप्पा।

इन चीजों को दोबारा न करें गर्म नहीं मिलेगा कोई लाभ!

ताजा भोजन खाना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायिक होता हैं लेकिन अधिकतर घरों में बचे हुए खाने को दोबारा गर्म करके खाया जाता हैं। भोजन को पकाने के बाद उसे ज्यादा देर तक नहीं रखना चाहिए। ऐसा करने से इसमें मौजूद पोषक तत्व खत्म हो जाते है। हमारे भोजन में कई ऐसी चीजें शामिल हैं, जिन्हें दोबारा गर्म करके खाना जहर के समान होता है। आज हम आपको बताते हैं कि कौन सी चीजों को दोबारा गर्म करके नहीं खाना चाहिए।

आलू

आलू का इस्तेमाल ज्यादातर हर सब्जी में किया जाता है। आलू सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं लेकिन इन्हें पकाकर ज्यादा देर तक नहीं रखना चाहिए। पके हुए आलू को ज्यादा देर तक रखने से इनमें पोषक तत्व खत्म हो जाते है। इसे दोबारा गर्म करके खाने से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

चिकन

ताजा बना हुआ चिकन सेहत के लिए फायदेमंद होता है लेकिन चिकन को दोबारा गर्म करके खाना सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। चिकन को दोबारा गर्म करके खाने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

चुकंदर

चुकंदर को दोबारा गर्म करने से इसमें मौजूद नाइट्रेट समाप्त हो जाता है। बेहतर है कि बचे हुए चुकंदर को फ्रिज में रख दें और खाने से कुछ घंटे पहले फ्रिज से बाहर निकाल दें। इसे बिना गर्म किए खाएं।

मशरूम

मशरूम में प्रोटीन अधिक मात्रा में पाया जाता है। मशरूम को दोबारा गर्म करके खाने से इसमें मौजूद प्रोटीन का कॉम्पोजिशन बदल जाता है, जोकि सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।

पालक

पालक को दोबारा गर्म करके खाने से इसमें मौजूद नाइट्रेट कुछ ऐसे तत्वों में बदल जाते हैं, जिससे कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है।

नजर को नुकसान पहुंचाता है धूम्रपान

धूम्रपान करने सेहत के लिए बहुत हानिकारक है, इसके पैकेट पर भी यही लिखा होता है। फिर भी हम धूम्रपान करते हैं। अमेरिकी सरकार की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि धूम्रपान से न केवल फेफड़ों का कैंसर होता है बल्कि इसके कारण अंधापन, डायबिटीज, लीवर का कैंसर और पौरूष में कमी जैसी बीमारियां भी होने लगती हैं। तंबाकू हमारे शरीर साथ आंखों को भी प्रभावित करता है।

खतरनाक हो सकती है हाइपोजेनिक स्टेज

अक्सर आप जब रात में गहरी नींद में सो रहे होते हैं तो अचानक आपको झटके आने लगते हैं। आमतौर पर ऐसा तब होता है जब रात में सपने देख रहे होते हैं। इसे हाइपेनिक जर्क कहा जाता है। माना जाता है कि लगभग 70 प्रतिशत लोग इस स्थिति को महसूस करते हैं।रात के समय में एक्सरसाइज शरीर की उत्तेजना को कम करने के साथ ही कैफीन का कम सेवन इसका बेहतर इलाज हो सकता है।

कॉस्मेटिक उत्पादों व साबुन में ऐसे कई रसायनों का उपयोग हो रहा है, जो कि त्वचा के लिए खतरनाक है। यहां तक कि इनके ज्यादा इस्तेमाल से कैंसर तक हो सकता है। लिपस्टिक में कैमिकल होता है। यह होठों की नमी खत्म कर देती है। इसमें लीड भी होता है, जो कि रंग को गाढ़ा करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

ज्यादा कॉस्मेटिक्स त्वचा के लिए हानिकारक...

लीड से दिमाग संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसी तरह मॉश्चराइजर में डिटर्जेंट जैसे कई कैमिकल मिले होते हैं। जो स्किन को खराब करते हैं। नेचरल ब्यूटी को खत्म कर देते हैं। नेलपॉलिश में एसीटोन होना है जो आपके नाखूनों को कमजोर बनाता है और उन्हे काफी नुकसान पहुंचाता है।

टेल्कम पाउडर में सिलिकेट्स टेल्क पड़ा हुआ होता है जो न केवल एक रासायनिक तत्व है बल्कि इसमें कैंसर कर देने वाले तत्व भी मौजूद होते है। सेंटर फॉर साइंस एंड इनवायरमेंट (सीएसई) की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है कि कॉस्मेटिक में मरकरी, क्रोमियम, टार, निकेल जैसे खतरनाक कैमिकल होते हैं।

बेन्जोल पैरॉक्साइड

मुंहासों के उपचार के लिए बनने वाले उत्पादों में इस रसायन का उपयोग किया जाता है। हालांकि यह बहुत कम मात्रा में प्रयोग किया जाता है। इससे त्वचा में रूखापन होने के साथ खुजली भी हो जाती है। जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील है, उन्हें इससे जलन, खुजली व सूजन आदि की परेशानी हो सकती है। इसे कैंसरकारक भी माना जाता है।

ट्राइक्लोसन

बाजार में मौजूद कई एंटीबैक्टीरियल साबुन व सौंदर्य प्रसाधनों में इसका प्रयोग किया जाता है। इसके फायदे के कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं। हालांकि यह माना गया है कि यह रसायन त्वचा में खुजली पैदा करने के साथ थायरॉइड हार्मोन की सामान्य क्रिया प्रभावित करता है।

फॉर्मलडीहाइड

इसका प्रयोग सामान्यतः बॉडी वॉश, शैम्पू और कंडीशनर्स आदि में किया जाता है। माना जाता है कि यह एंटीबैक्टीरियल ग्रोथ रोकता है। कैंसर के कारणों की खोज करने वाली कई एजेंसीज के मुताबिक यह रसायन कैंसर का खतरा बढ़ाता है।

पीईजी-6

साबुन में प्रयोग किए जाने वाला यह पदार्थ कैंसर का खतरा बढ़ाता है।

पैराबेन

सौंदर्य प्रसाधनों में इसका प्रयोगे प्रिजरवेटिव के रूप में किया जाता है। अधिकतर यह बॉडीवॉश, शैम्पू, साबुन और क्लिंजर्स आदि में मिलाया जाता है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह रसायन महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के खतरे को बढ़ाता है।

डी एंड सी येलो 11

स्किन केयर और अन्य ब्यूटी उत्पादों में उपयोग किए जाने वाले रंगों को प्रिफि क्स डी एंड सी (ड्रग प्रिपरेशंस एंड कॉस्मेटिक्स) कहा जाता है। यह रसायन तब तक ही सुरक्षित है, जब तक शरीर इसे न सोखे। आंखों के आसपास के बाहरी हिस्सों के लिए यह नुकसानदायक माना जाता है।

खुशबू

इसका इस्तेमाल, साबुन, डियो, परफ्यूम, शैंपू व क्लिंजर्स सहित ज्यादातर ब्यूटी उत्पादों में किया जाता है। इससे कई बार एलर्जी, खुजली या त्वचा संबंधी कोई अन्य परेशानी, सांस संबंधी तकलीफ होने के अलावा सिरदर्द या माइग्रेन आदि की समस्या हो सकती है।

OIL सोखने के लिए न करें न्यूजपेपर का इस्तेमाल

अगर आप भी तले हुए खाद्य पदार्थों के ऑयल को सोखने के लिए न्यूजपेपर का इस्तेमाल करते हैं तो सावधान हो जाइए। आपको बता दें कि यूजपेपर से तेल को पोछने और सोखने से कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। अगर आप लंबे वक्त से तेल को पोछने के लिए यह तरीका आजमा रहे हैं तो सबसे पहले अपनी आदत को बदलें और अपना हेल्थ चेकअप जरूर करवाएं। न्यूजपेपर से तेल को सोखने और पोछने से इसमें मौजूद कैमिकल खाद्य पदार्थों में चले जाते हैं और आपको सीरियस हेल्थ प्रॉब्लम हो सकती है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि आपकी इस आदत की वजह से आपको कौन-कौन सी बीमारियां हो सकती हैं।

कैंसर

न्यूजपेपर में इस्तेमाल होने वाली इंक काफी नुकसानदायक होती है। जब यह खाद्य पदार्थ तक पहुंचती है तो स्वास्थ्य संबंधी खतरों को और बढ़ा देती है। इससे कैंसर होने की संभावना भी रहती है।

किडनी और लंग्स प्रभावित

न्यूजपेपर में ग्रेफाइड पाया जाता है जब यह खाद्य पदार्थ के जरिए शरीर में पहुंचता है तो आपका शरीर विषैले पदार्थों को नष्ट करने में अक्षम हो जाता है। ऐसे में आपको लंग्स और किडनी संबंधी समस्या हो सकती है।

किस चीज का इस्तेमाल करें

न्यूजपेपर से ऑयल सोखने और पोछने की जगह आप टिश्यू पेपर या फिर किचन पेपर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सबसे बढ़िया विकल्प है। इसके अलावा आप अखबार की जगह साधा पेपर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

ताकि... लिवर हमेशा रहे चुस्त-दुरुस्त

लिवर में संक्रमण होने की स्थिति में उसे ठीक करना जरूरी होता है। शरीर में लिवर की भूमिका अहम होती है जो तमाम गंदगी और हानिकारक तत्वों को शरीर से बाहर निकालने में सहायक होता है। असंयमित दिनचर्या और गलत खानपान की वजह से लिवर में संक्रमण हो जाता है। इसलिए लिवर को संक्रमण और दूषित तत्वों से मुक्त करना जरूरी होता है और इसके लिए आप घरेलू उपायों का सहारा ले सकते है। बेरी और चीया के बीज लिवर में जमा प्रदूषक तत्वों को जल्द बाहर करने में सहायक होते है। इन दोनों में एंटी-ऑक्सिडेंट भरपूर मात्रा में होता है जो लिवर में जमा गंदगी को साफ करता है। साथ ही इनके सेवन से पाचन संस्थान भी सही ढंग से काम करने लगते है। चुकंदर के रस को पीने से लिवर की गंदगी साफ होती है और लिवर दोबारा सही ढंग से काम करने लगता है। आंवला लिवर के लिए रामबाण है। आंवला में काफी मात्रा में एंटी-ऑक्सिडेंट होते है जो लिवर को शक्ति प्रदान करते हैं और प्रदूषक तत्वों को निकाल बाहर फेंकने और संक्रमण मुक्त करने में सहायक होते है। इसलिए रोजाना एक ग्लास आंवला जूस का सेवन जरूर करना चाहिए।

भावनाओं पर नियंत्रण और व्यवहार में आता है बदलाव

दिमाग पर सीधा असर करती है यह बीमारी!

टाइप 2 मधुमेह के कारण व्यक्ति अच्छा जीवन नहीं जी पाता और अब शोधकर्ताओं ने पाया है कि यह मस्तिष्क की खास क्षमताओं को भी घटा सकता है। शोध के मुताबिक, टाइप-2 मधुमेह से मस्तिष्क की कार्यप्रणाली पर बुरा असर पड़ता है। इसमें भावनाओं पर नियंत्रण, व्यवहार और विचार आदि शामिल हैं।

गतिविधियों को मापा...

कनाडा में वॉटरलू विश्वविद्यालय से संबद्ध शोध के मुख्य लेखक कॉरी विन्सेंट के मुताबिक, मस्तिष्क के कामकाज का यह पहलू विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि जब भी हम अपनी स्वाभाविक प्रवृत्ति के विपरीत कोई काम करने का प्रयास करते हैं या हमें ऐसा करने के लिए बाध्य होना पड़ता है तो हम पूर्ण रूप से मस्तिष्क पर निर्भर होते हैं। इस शोध के लिए शोधकर्ताओं ने 70 शोधों की समीक्षा की है, जिसमें टाइप 2 मधुमेह के 9,815 मरीजों की तुलना मधुमेह के अन्य 69,254 मरीजों से की गई और उनके मस्तिष्क की प्रमुख गतिविधियों को मापा गया।

कर सकते हैं बचाव...

वॉटरलू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और वरिष्ठ लेखक पीटर हॉल के मुताबिक, सामान्य रूप से टाइप-2 मधुमेह के मरीजों में दोहरी बाधाओं की वजह से मस्तिष्क गतिविधियों के नियंत्रण की अधिक जरूरत हो सकती है। संभावित रूप से ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि इस बीमारी का मस्तिष्क पर असर पड़ता है। विश्व में लगभग 60.0 करोड़ लोग टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित हैं और 2030 तक ऐसे लगभग 80.0 करोड़ मामले सामने आने की संभावना है। ऐसे में जरूरी है कि जिंदगी जीने के तौर-तरीके में बदलाव लाकर इस बीमारी से बचा जा सकता है।

विदेशों में पढ़ाई करना हो सकता है आसान



आजकल हर बच्चा अपना कॅरियर बनाने के लिए विदेश जाना जाता हैं और वहां पर पढ़ाई करने के साथ-साथ अपने रोजगार के साधन भी तलाशने लगता हैं। विदेश जाना कोई गलत बात नहीं, लेकिन विदेश जाने के लिए बच्चे में सेल्फकॉन्फिडेंस होना चाहिए और साथ-साथ पूरी जानकारी एकत्रित करने के बाद ही विदेश में पढ़ाई करने का प्रोग्राम बनाना चाहिए। इन बातों को ध्यान में रखकर ही विदेश में पढ़ाई करने जाएं।

इन बातों का रखें ध्यान...

- विदेश में जाने से पहले आप जिस यूनिवर्सिटी से स्टडी करना चाहते हैं पहले उसके सारे कोर्सेज की जानकारी एकत्रित कर लें, जिससे वहां पहुंचकर आपको किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।
- विदेश में जाने से पहले आप जहां ठहरने वाले हैं चाहे वो किराए का कमरा हो या हॉस्टल हो उस जगह की पूरी जानकारी एकत्रित करें। वरना आपको वहां पहुंचने के बाद समस्या हो सकती है।
- विदेश जानें से पहले आप अपनी पैकिंग सही ढंग से करें और बैंक अकाउंट खुलवाना न भूलें ऐसा करने से आपको करंसी की समस्या नहीं रहेगी और बैंक अकाउंट उसी बैंक में खुलवाएं जो विदेश पहुंचने पर सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाए। अन्यथा आपको ट्रांजेक्शन की समस्या से दो-चार होना पड़ सकता है।
- विदेश में पहुंचने के बाद आप अच्छे दोस्तों के साथ संपर्क में आएं और उनके साथ मेल-जोल बढ़ाएं।
- विदेश पहुंचने के बाद जाते ही नौकरी नहीं मिल जाती इसके लिए कुछ समय इंतजार करना पड़ता है और वहां पहुंचकर अच्छी कंपनियों की जानकारी एकत्रित करें जो पार्ट टाइम जॉब ऑफर करती हो ऐसा करने से आप इस जॉब से पॉकेट मनी तो निकाल ही सकते हैं, जिससे आप अपने खर्च पूरे कर सकें।
- विदेश पहुंचने के बाद अगर वहां पर कोई समस्या भी आ जाए तो आप अपना सेल्फकॉफिडेंट कभी न खोएं बल्कि उस समस्या को सुलझाने का प्रयास करें व ज्यादा परेशान न होकर उसका हल निकालने का प्रयास करें।

रेसिपी

सातधान पराठा

सामग्री

1/4 कप गेहूं का आटा, 1/4 कप ज्वार का आटा, 1/4 कप बाजरे का आटा, 1/4 कप रागी का आटा, 2 स्पून बेसन, 1/4 कप मकई का आटा, 2 स्पून चावल का आटा, 1/4 कप कसी हुई लौकी, 1/2 कप कसा हुआ गाजर, 1/4 कप बारीक कटा हुआ हरा धनिया, 1 टी-स्पून लसहुन का पेस्ट, 1/2 स्पून हल्दी पाउडर, 1 1/2 स्पून लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादअनुसार, **बेलने के लिए:** गेहूं का आटा , 2 1/2 स्पून तेल , पकाने के लिए

विधि

सभी सामग्री को एक गहरे बाउल में मिलाकर, जरुरत हो उतने पानी का प्रयोग कर नरम आटा गूंथ लें। आटे को 10 बराबर भाग में बांट लें और थोड़े सूखे गेहूं आटे का प्रयोग कर, गोल आकार में बेल लें। एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें और प्रत्येक पराठे को 1/4 टी-स्पून तेल का प्रयोग कर, दोनो तरफ से सुनहरा होने तक पका लें। और तुरंत परोसें।

टमेटो राईस

सामग्री

मसाला के लिए: 2 स्पून नारियल का तेल, 6 सूखी कश्मीरी लाल मिर्च, 2 स्पून खड़ा धनिया, 1 स्पून चना दाल, 1 स्पून उड़द दाल, 1/4 स्पून मेथी दानें, 1/2 स्पून हींग, 2 स्पून सूखा कसा नारियल, **अन्य सामग्री:** 3/4 कप टमाटर पल्प, 1/2 स्पून हल्दी पाउडर, नमक स्वादअनुसार, 1 स्पून नारियल का तेल, 2 स्पून घी, 1 स्पून सरसों, 3 स्पून मूंगफली, 6-7 कड़ी पत्ते, 2 स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, 1/2 कप कटा हुआ प्याज, 2 1/2 कप पके हुए चावल

विधि

मसाला के लिए: एक छोटे पैन में तेल गरम करें, सभी सामग्री डालकर मध्यम आंच पर 4-5 मिनट या इनमें से सौम्य खुशबू आने तक, लगातार हिलाते हुए भून लें। एक तरफ रख दें। ठंडा करने के बाद, मिक्सर में पीसकर मुलायम पाउडर बना लें। एक तरफ रख दें। टमाटर का पल्प, हल्दी पाउडर और नमक को एक पैन में अच्छी तरह मिला लें और 5-7 मिनट के लिए या मिश्रण के गाढ़ा होने तक धीमी आंच पर, लगातार हिलाते हुए उबाल लें। तैयार मसाला डालकर अच्छी तरह मिला लें और एक मिनट तक धीमी आंच पर उबाल लें। एक तरफ रख दें। एक कढ़ाई मे तेल और घी गरम करें और सरसों डालें। जब बीज चटकने लगे, मूंगफली और कड़ी पत्ते डालकर, धीमी आंच पर मूंगफली के सुनहरा होने तक, लगातार हिलाते हुए भून लें। हरी मिर्च और प्याज डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर लगातार हिलाते हुए 4-5 मिनट के लिए भून लें। पका हुआ टमाटर पल्प, चावल और ज़रुरत हो तो नमक डालकर हल्के हाथों मिला लें और धीमी आंच पर और 2 मिनट के लिए पका लें। गरमा गरम परोसें। **सुलभ सुझाव:** 3/4 कप टमाटर के पल्प के लिए, 4 मध्यम टमाटर को मिक्सर में डालकर पीस लें और मुलायम मिश्रण बना लें। इसे डीप फ्रीज़र में 6 से 8 दिनों तक रखा भी जा सकता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**